दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। रविवार 10 मार्च -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 151 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 10 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 151 पेज - 08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3













## चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का इस्तीफा

# लोकसभा चुनाव से पहले अचानक इतना बड़ा कदम !



नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चुनाव आयुक्त का इस्तीफा ऐसे वक्त आया है कि जबकि कुछ ही हफ्तों में देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है।अरुण गोयल के इस्तीफे के पीछे क्या वजह है, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं सामने आई है। चुनाव आयुक्त का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जबकि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जोर-शोर से जुटा हुआ है। हालांकि अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। बता दें कि शुक्रवार को ही चुनाव आयोग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और रेलवे अधिकारियों के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। इसमें देशभर में सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती को लेकर चर्चा हुई थी। लोकसभा चुनाव के अतिरिक्त चुनाव आयोग को आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानभा चुनाव भी कराने हैं। चुनाव आयोग की टीम सभी राज्यों का दौरा करके चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने में जुटी है। अनुमान है कि देश में लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में हो सकता है।

गौरतलब है कि अरुण गोयल के इस कदम के बाद अब चुनाव आयोग में 2 रिक्तियां हो गई हैं। चुनाव आयोग में कमिश्नर के अब दो पद खाली हो गए हैं। अरुण गोयल ने 21 नवंबर 2022 को चुनाव आयुक्त का प्रभार ग्रहण किया था। 1985 बैच के आईएएस अधिकारी अरुण गोयल ने अरुण गोयल पहले सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के रूप में काम कर चुके हैं। शनिवार को जारी गजट अधिसूचना में कहा गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11 के खंड (1) के अनुसरण में, राष्ट्रपति को 09 मार्च, 2024 से प्रभावी श्री अरुण गोयल, चुनाव आयुक्त द्वारा दिए गए इस्तीफे को स्वीकार करते हुए खुशी हो रही है।

## 14 मार्च को हो सकती है लोकसभा चुनावों की अधिसूचना जारी

### आयाम में हुआ एक्सटेंशन तो आगे बढ़ गई डेट ऑफ इलैक्शन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव आयोग को अधिसूचना जारी करनी है। भाजपा लगातार अपने चुनावी सिलेबस को पूरा करने मे जुटी है। वो देहात में प्रवास कर रही है, वो बूथ पर काम कर रही है और अगर तैयारियों के लिहाज से देखा जाये तो भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो बड़ी बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। माना ये जा रहा था कि मार्च के पहले हफ्ते के बाद चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। इसके पीछे तर्क भी यह दिया गया था कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची काम पूरा कर लिया है और अब भाजपा के सभी आयाम भी पांच मार्च को खत्म हो रहे हैं। ऐसे में चुनाव आयोग और सरकार दोनों के बीच तालमेल बैठ रहा है और चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है। लेकिन यहां पर कार्यक्रमों में एक्सटेंशन हुआ है। भाजपा ने अपने आयाम आगे बढ़ा दिये हैं और वहीं चुनाव आयोग ने भी मतदाता सूची को अपडेट किया है। उसने 9 मार्च और 10 मार्च को विशेष




अभियान चलाकर उन मतदाताओं को एक मौका दिया है जिनके नाम किसी भ वजह से मतदाता सूची में नहीं है। सभी मतदान के केन्द्रों पर बीएलओ बैठे हुए हैं और लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में सब अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। लिहाजा ऐसे में अब ये माना जा रहा है कि 14 मार्च के बाद अधिसूचना जारी हो जायेगी। ये भी अनुमान लगाया जा रहा है कि गाजियाबाद में चुनाव प्रथम चरण वाली सूची में हो जायेगा। इस हिसाब से मतदाता सूची का काम पहले पूरा होगा। उसके बाद भाजपा के आयाम पूरे हो जायेंगे और फिर चुनावी अधिसूचना जारी हो जायेगी।

## लखनऊ में 'कौशल महोत्सव' की शुरूआत, पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया

लखनऊ। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव "कौशल महोत्सव" कार्यक्रम का शुभारंभ आज लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ। नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। जहां बेरोजगार नौकरी प्राप्त कर सके और अपने पैरों पर खड़े हो सके। विभिन्न 20 सेक्टर से देश की लगभग 100 बड़ी कंपनियों के द्वारा यहां 20000 से अधिक वैकेंसी के अवसर उपलब्ध हुए हैं। पिछली बार आयोजित रोजगार मेले में भी 5000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ था। एनएसडीसी के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पहले दिन ही यहां 8500 की संख्या में युवा आए हैं और 5541 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। आशा है कि इस बार भी बड़ी से बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त करके जाएंगे। रक्षा मंत्री की प्रेरणा से और एनएसडी के सहयोग से एक प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है और आगे आने वाले समय में कंपनियों द्वारा अधिक बड़े पद और रोजगार मिलेंगे। नीरज सिंह



ने रोजगार प्राप्त करने आए हुए सभी युवाओं से भी संवाद किया जिस दौरान बाराबंकी निवासी दिव्यांगजन दीपक यादव को गुड़गांव स्थित कंपनी में मिला पैकेजिंग का काम, आसमा बानो को लुलु मॉल, राधना देवी को कॉल सेंटर में नौकरी के लिए जॉब ऑफर मिलने पर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया। नीरज सिंह सभी कंपनियों के स्टालों पर जाकर व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से बात करी और अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा सकने के संबंध में वार्ता की। यह कौशल महोत्सव 84 इम्प्लॉयर्स और विभिन्न एजुकेशनल बैकग्राउंड से आए हजारों जॉब सीकर्स को एक ही छत के नीचे लाया है। लखनऊ कौशल महोत्सव का पहला दिन उत्साह से भरा हुआ था। इस कौशल महोत्सव में आए स्थानीय युवा जॉब और ट्रेनिंग के अवसर पाकर उत्सुक दिखाए दिए। पहले दिन 2748 से अधिक उम्मीदवारों को इम्प्लॉयर्स द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया। उम्मीद है कि कौशल महोत्सव के दूसरे दिन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और माननीय उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा और इसके महत्व को बढ़ाएंगे।

## गाजियाबाद के सार्थक शर्मा को मिला लेफ्टिनेंट का पद

गाजियाबाद, करंट क्राइम । सेना में अधिकारी का पद हासिल करना कोई आसान बात नहीं है, पर बेहतर प्रदर्शन करने वालों के बेहतर परिणाम भी आते हैं। गाजियाबाद के स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाले सार्थक शर्मा ने पहले ही प्रयास में एआईआर रैंकिंग 14 लाकर भारतीय सेना में नियुक्ति पाई है। वह जामिया में पढ़ाई करते थे, उनका चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। उन्होंने गाजियाबाद का न सिर्फ नाम रोशन किया है बल्कि पूरे परिवार को भी गौरवांवित महसूस करवाया है। सार्थक के पिता अशोक कुमार शर्मा सीनियर एडवोकेट हैं, व मां दिशा शर्मा एडवोकेट हैं और गाजियाबाद न्यायालय में ही प्रैक्टिस करते हैं। सार्थक शर्मा ने कहा है कि उनकी मेहनत से ही जिले का नाम रोशन हुआ है।



### पासिंग आउट परेड के बाद मिला फल

भारतीय सेना में अधिकारी की नियुक्ति होने से पूर्व सार्थक शर्मा ने ऑफीसर ट्रेनिंग अकैडमी चेन्नई में कठिन ट्रेनिंग पूरी की और उसके बाद पासिंग आउट परेड के तहत भारतीय सेना को कुल 220 नए अधिकारी मिले हैं। जिसमें गाजियाबाद से सार्थक का नाम भी शामिल है। सार्थक ने एलएलबी जामिया दिल्ली से पास की थी, इसके बाद न्यायिक सेवा में आकर वह मां भारती की सेवा का प्रण लिया और सेना में अपना रास्ता बनाया है।

### परिवार और दोस्तों में खुशी का माहौल

स्वर्ण जयंतीपुरम के निवासी सार्थक शर्मा का भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट पद तय हुआ है। जिसके बाद उनके माता-पिता, दोस्तों और आसपास रहने वाले जानकारों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनको मां भारती का सेवक बनने के लिए शुभकामना दी और कहा कि देश के लिए वह ईमानदारी के साथ अपनी सेवाएं प्रदान करें।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के अंदाज के कायल हुए केके शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सोशल चौकीदार केके शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वो अपनी सोशल सर्विस से भी अपनी पहचान रखते हैं। लेकिन जब कैबिनेट मंत्री बनाए जाने के बाद सुनील शर्मा का फोन उनके पास आया तो यहां केके शर्मा को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का अंदाज उनकी बात मन को छू गई। केके शर्मा ने लिखा कि जब मैने कहा कि पूर्व मेयर आशा शर्मा तो घर पर नहीं है तो उन्होंने कहा कि मुझे आपसे ही मिलना है, आशा जी से तो मिलता ही रहता हूं। केके शर्मा ने कहा कि जो वृक्ष फलदार होते हैं वो झुक जाते हैं। अच्छे लोग सफलता की सीढ़ी चढ़ते हैं तो नम्र और मिलनसार हो जाते हैं। सुनील शर्मा इसी श्रेणी के व्यक्ति हैं। मंत्री बनने के बाद उनका स्वयं घर आना उनके अच्छे विचारों को प्रदशित करता है।

# इंटरनेशनल स्टेडियम को लेकर आई गुड न्यूज, आज होगा शिलान्यास


गाजियाबाद, करंट क्राइम । गाजियाबाद में एक बार फिर क्रिकेट के प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए गुड न्यूज आई है। जिस क्रिकेट स्टेडियम के लिए बीते 9 सालों से संघर्ष चल रहा था, उस स्टेडियम की अब बड़ी बाधाएं दूर बताई जा रही हैं। यहां निर्माण में हाई टेंशन और फंड की जो अड़चन रही थी उसे सासंद जनरल वीके सिंह के प्रयासों से दूर कर लिया गया है। जानकारी है कि रविवार को स्टेडियम में भूमि पूजन और शिलान्यास वाला कार्यक्रम होगा। जिसमें सांसद जनरल वीके सिंह बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद होंगे। बताया जा रहा है कि यह स्टेडियम लगभग 2 साल में बनकर तैयार होगा। रविवार को तीन बजे यहां कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।





### बढ़ गई निर्माण की 25% धनराशि

#### लगभग 2 साल में पूरा होगा इंटरनेशनल स्टेडियम स्टेडियम में होंगे आईपीएल जैसे बड़े आयोजन



### बेहद हाईटेक बनेगा स्टेडियम, 55 हजार दर्शक लेंगे मैच का आनंद

करंट क्राइम ।गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन में जिस इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाना है, वहां लगभग 55 हजार दर्शक एक साथ मैच का लुफ्त उठा सकेंगे। इसी के साथ इस स्टेडियम को बेहद हाईटेक बनाया जाएगा। इसमें कैफेटेरिया से लेकर बड़ी पार्किंग, स्वीमिंग पूल और अन्य इंटरनेशनल व्यवस्थाएं होंगी। जिससे इसे एक ख्याति प्राप्त स्टेडियम का दर्जा मिल सके। जानकारी यह है कि 10 मार्च को इसका शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया है। इस स्टेडियम के निर्माण में प्रथम चरण के दौरान 400 करोड़ और द्वितीय चरण में 50 करोड़ पर खर्च किए जाएंगे। चारदारी और निर्माण के साथ ही इसके अन्य टेंडर अपलोड कर दिए गए हैं।

### देरी से बढ़ गया बजट

करंट क्राइम ।जनरल वीके सिंह के प्रयासों के बाद इस स्टेडियम में लगभग 9 साल बाद निर्माण की लागत भी बढ़ गई है। पहले इसमें लगभग 350 करोड़ रुपए की लागत आ रही थी, जो बढ़कर 4.50 करोड रुपए पहुंच गई है, यानी इसका बजट बढ़ गया है। उधर जनरल वीके सिंह का कहना है कि स्टेडियम के आरंभ होने से लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही खिलाड़ियों को बड़े मैच का आनंद लेने का अवसर मिलेगा और यहां लोकल स्तर के खिलाड़ियों के लिए प्रैक्टिस और उनके भविष्य के अवसर भी बनेंगे।

## जनरल वीके सिंह ने घंटाघर पहुंच कर सुना भागवत कथा का पाठ





गाज़ियाबाद, करंट क्राइम ।शनिवार को गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह गाजियाबाद के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सांसद ने इस भव्य कार्यक्रम में उपस्थित होकर कथा सुनी और दुधेश्वर नाथ के पीठाधीश्वर महंत श्री नारायण गिरी जी का आशीर्वाद लिया। इस मद्भागवत कथा कार्यक्रम का कथावाचन जया किशोरी जी कर रही। रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु उनके प्रवचन को सुनने के लिए पहुँच रहे है. जनरल वीके सिंह ने इस मौके पर भगवान की प्रार्थना कर सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम को भव्य एवं सुन्दर रूप से संपन्न कराने में अनिल अग्रवाल साँवरिया की अहम भूमिका है . शनिवार को आयोजित हुई कथा में पीलखुवा नगर पालिका के चेयरमैन विभु बंसल भी प्रमुखता से शामिल हुए।

# यूपी में सीएम योगी के बाद सबसे ताकतवर, ओम प्रकाश राजभर के बयान से बीजेपी असहज

लखनऊ। यूपी कैबिनेट मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के कुछ ही दिनों में ओम प्रकाश राजभरी ने फिर से ऐसी टिप्पणियां कीं, जिससे सत्तारूढ़ भाजपा के कई नेता असहज हो गए हैं। जबकि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) प्रमुख को अभी तक एक मंत्रालय आवंटित नहीं किया गया है। ओपी राजभर पिछली बार पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए कैबिनेट मंत्री थे। इस बार वह भाजपा के साथ गठबंधन में लोकसभा सीटें जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।

तीन दिन पहले मऊ में एक सार्वजनिक बैठक में, राजभर ने अपनी पार्टी के कार्यकताओं से कहा कि अब से उन्हें पुलिस स्टेशन जाते समय पीले रंग का गमछा पहनना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी पीले रंग का गमछे में राजभर का चेहरा देखेंगे और उनकी बात को सुनेंगे। क्योंकि फिर पुलिस कर्मियों की इतनी हिम्मत नहीं पड़ेगी कि वो आपसे कोई सवाल पूछें। राजभर ने खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद राज्य का सबसे शक्तिशाली व्यक्ति घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि जो पावर मुख्यमंत्री जी के पास है, वही पावर ओम प्रकाश राजभर के पास है।

शपथ ग्रहण समारोह में आदित्यनाथ की मौजूदगी का हवाला देते हुए राजभर ने अपने कार्यकताओं से कहा, इस समय इस देश में सबसे शक्तिशाली कौन है? पीएम, गृह मंत्री। ओम प्रकाश राजभर उनसे सीधे जुड़े हुए हैं। इस वक्त यूपी में सबसे ताकतवर कौन? सीएम योगी आदित्यनाथ।



कल देखा कि वह ओम प्रकाश राजभर के शपथ ग्रहण समारोह में साथ थे।

खुद की तुलना हिंदी फिल्म के खलनायक गब्बर सिंह से करते हुए राजभर ने कहा, ह्यन तो पुलिस इंस्पेक्टर, न ही एसपी या यहां तक कि डीएम के पास मंत्री को फोन करने की ताकत नहीं है। मान लीजिए कि मैं गब्बर हूं।

जबकि एनडीए ने अभी तक घोसी लोकसभा सीट से अपने उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, राजभर ने दावा किया कि दिल्ली में भाजपा नेतृत्व ने उनकी एसबीएसपी को एक और सीट देने का फैसला किया है। सूत्रों ने कहा कि राजभर अपने बेटे अरविंद को घोसी से मैदान में उतारने की योजना बना रहे हैं।

जहूराबाद से विधायक राजभर की पूर्वी यूपी में राजभर समुदाय के वोटों पर पकड़ है और बीजेपी के साथ उनके रिश्ते काफी असमंजस भरे रहे हैं। वह 2017 में सत्ता में आई भाजपा के नेतृत्व वाली पहली राज्य सरकार का हिस्सा थे, लेकिन दो साल बाद लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया। जब वह सरकार में थे तो उन्होंने इस पर सवाल उठाने या इसके खिलाफ धरने पर बैठने से भी गुरेज नहीं किया।

हालांकि, राजभर कुछ समय के लिए समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन करने के बाद पिछले महीने अपने पांच अन्य विधायकों के साथ एनडीए में लौट आए। एसबीएसपी ने एसपी के नेतृत्व वाले गठबंधन के हिस्से के रूप में 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा था। भाजपा के भीतर कई लोगों को डर है कि वे ऐसा करेंगे। इस बार और भी आक्रामक राजभर का सामना करना होगा जो न केवल सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं, बल्कि खुलेआम अपनी ताकत का प्रदर्शन भी करते हैं।

राजभर के इस बयान ने भाजपा के भीतर कई लोगों को फिर से असहज कर दिया है, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह दूसरों के अनुसरण के लिए एक गलत मिसाल छोड़ता है और उन्हें अपने सहयोगियों में से एक के साथ सरकारी अधिकारियों पर सीधे अधिकार की घोषणा करने की स्थिति में डाल देता है। हालांकि सिस्टम के खिलाफ लड़ाई की घोषणा राजभर पहले भी कर चुके हैं, लेकिन राज्य में सीएम के बाद खुद को सबसे शक्तिशाली घोषित करना एक नया कदम है।

# सुल्तानपुर लोकसभा सीट का इतिहास और समीकरण, फिर से कब्जे के लिए हर कोशिश में बीजेपी



**2019 लोकसभा चुनाव की बात करें तो सुल्तानपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी मेनका गांधी को बसपा प्रत्याशी चंद्रभद्र सिंह सोनू से कड़ी टक्कर मिली थी।**

सुल्तानपुर। गोमती किनारे बसे सुल्तानपुर की सल्तनत पर लंबे समय तक कांग्रेस का कब्जा रहा है, लेकिन रायबरेली और अमेठी की तरह कभी इसे श्श्वद्ध सीट की अहमियत नहीं मिल सकी। इस सीट पर कांग्रेस से लेकर जनता दल, बीजेपी और बसपा जीत का परचम लहराने में कामयाब रही हैं, लेकिन समाजवादी पार्टी इस सीट पर कभी भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दलों की निगाहें इस पर हैं। हालांकि, अभी इस सीट से किसी में दल ने अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान नहीं किया है। वर्तमान में इसी सीट से बीजेपी की मेनका गांधी सांसद हैं। इससे पहले उनके पुत्र वरुण गांधी यहां से सांसद थे। 2024 के चुनाव में भी बीजेपी इस सीट को हर हाल में अपने पाले में रखना चाहती है। सुल्तानपुर सीट पर 1977 में कांग्रेस को पहली हार का मुंह देखना पड़ा, जब जनता पार्टी के जुलफिकुंरुल्ला कांग्रेस को हराकर सांसद बने। हालांकि, इस सीट पर 1980 में कांग्रेस ने एक बार फिर वापसी की और 1984 में दोबारा जीत मिली। लेकिन इसके बाद कांग्रेस को इस सीट पर जीत के लिए काफी सालों तक इंतजार करना पड़ा 2009 में कांग्रेस से संजय सिंह ने जीत का सूखा खत्म किया। 1989 में जनता दल से रामसिंह सांसद बने। 90 के दशक में राममंदिर आंदोलन के दौर में बीजेपी ने इस सीट पर कमल खिलाने में कामयाब रही थी। 1991 से लेकर 2014 के बीच बीजेपी ने चार बार जीत हासिल की है। 1991 और 1996 में विश्‍वनाथ शास्त्री जीते, 1998 में देवेन्द्र बहादुर और 2014 में वरुण गांधी। वहीं, बसपा इस सीट पर दो बार जीत हासिल की है, लेकिन दोनों बार सांसद अलग रहे हैं। पहली बार 1999 में जय भद्र सिंह और 2004 में मोहम्मद ताहिर खान बसपा से सांसद चुने गए।

# ड्रग्स के फर्जी केस में मुझे फसाया गया था, मुआवजे की मांग करते हुए बीजेपी नेता ने किया उच्चतम न्यायालय का रुख

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की युवा इकाई की नेता पामेला गोस्वामी ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है और मादक पदार्थ के एक फर्जी मामले में फंसाने पर मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया है। गोस्वामी ने यह अनुरोध उन्हें दोषमुक्त किए जाने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अपील शीर्ष अदालत द्वारा खारिज किए जाने के बाद किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने 29 फरवरी को कलकत्ता उच्च न्यायालय के 16 मार्च 2023 के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था जिसमें गोस्वामी को कोकीन रखने के आरोप से बरी कर दिया गया था। भाजपा नेता ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक आपराधिक साजिश का शिकार हुईं और उन्हें बिना किसी गलती के इस मामले में फंसाया गया था। उन्होंने याचिका में कहा, याचिकाकर्ता एक आपराधिक साजिश का शिकार हुई हैं और उसे बिना किसी गलती के उपरोक्त मामले में झूठा फंसाया गया था जिसकी वजह से उसे एनडीपीएस (स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ कानून) मामले के तहत आपराधिक कार्यवाही का सामना करना पड़ा।



गोस्वामी ने अपनी याचिका में कहा,इस अवधि के दौरान, याचिकाकर्ता को 19 फरवरी, 2021 से 10 दिसंबर, 2021 तक कुल 295 दिन तक पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में रखा था और यह केवल प्रतिवादी संख्या- दो से पांच के कार्यों के कारण हुआ क्योंकि उन्होंने लोक सेवक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया...। उन्होंने दलील दी कि भाजपा से जुड़ी एक प्रमुख युवा नेता होने के नाते, इन झूठे आरोपों के कारण उनकी व्यक्तिगत और सार्वजनिक प्रतिष्ठा को क्षति हुई। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि कोलकाता पुलिस को पूरी पूछताछ में गोस्वामी के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला और जांच से खुलासा हुआ कि एक अन्य भाजपा नेता राकेश सिंह ने व्यक्तिगत द्वेष के कारण उनके पास कोकीन छिपाई थी। फरवरी 2021 में कोलकाता के न्यू अलीपुर थाना ने एक अभियान चलाया और गोस्वामी एवं दो अन्य को उनकी कार से 76 ग्राम कोकीन बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया था।

# काजीरंगा नेशनल पार्क में पीएम मोदी ने की हाथी की सवारी





गुवाहाटी। पीएम मोदी आज अपने असम दौरे पर हैं। इस दौरान वह आज सुबह काजीरंगा नेशनल पार्क पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने हाथी सवारी भी की। पीएम मोदी के हाथी पर सवार होकर सवारी करने का वीडियो भी सामने आया है। असम के अलावा पीएम मोदी आज कुल 4 राज्यों का दौरा करेंगे। पीएम मोदी आज असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल के साथ यूपी का दौरा करेंगे। पीएम मोदी ने अपने दौरे की शुरूआत असम से की है। आज सुबह पीएम मोदी असम में मौजूद काजीरंगा में नेशनल पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने अपने दिन की शुरूआत एलिफेंट सफारी के साथ की। पीएम मोदी ने हाथी की सवारी भी की है।

**पीएम ने की हाथी और जीप की सवारी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में हाथी और जीप सफारी की। बता दें कि पीएम मोदी की एलिफेंट सफारी सुबह पांच बजकर पैंतालीस मिनट से शुरू हुई। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले उद्यान के सेंट्रल कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की और उसके बाद उसी रेंज के अंदर जीप सफारी की। उनके साथ उद्यान निदेशक सोनाली घोष और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी थे। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को काजीरंगा पहुंचे थे।

पीएम मोदी दोपहर में जोरहाट लौटेंगे और महान अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा ह्यस्टैच्यू ऑफ वेलर (बहादुरी की प्रतिमा) का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मोदी जोरहाट के मेलेंग मेतेली पोथार जाएंगे, जहां वह लगभग 18,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे और बाद वह पश्चिम बंगाल रवाना होंगे।

# बीजेपी विपक्षी दलों की सरकार गिराकर विनाश का मॉडल अपना रही है : केजरीवाल

**हाल ही में आप सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा।**



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ह्यविकासह्व के मॉडल पर काम कर रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्षी दलों को खत्म कर तथा उनकी सरकारों को गिराकर विनाश का मॉडल अपना रही है। हाल ही में ह्यआपह्व सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए 2024-25 बजट पर सदन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह इतना अच्छा बजट है कि लोग अब कह रहे हैं कि आप-कांग्रेस गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें जीतेगा।

केजरीवाल ने कहा कि बजट में घोषित ह्यमुख्यमंत्री महिला सम्मान योजनाह्व के तहत परिवार की प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये दिये जाएंगे। केजरीवाल ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को भी याद किया, जो वर्तमान में आबकारी नीति से संबंधित मामले में जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि अगले साल वह (सिसोदिया) विधानसभा में बजट पेश करेंगे। केजरीवाल ने समाज के हर वर्ग का ख्याल रखने वाला शानदार बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री आतिशी की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी मई 2014 में भारी जनादेश के साथ केंद्र में सत्ता में आई थी लेकिन उसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल कर विपक्षी दलों को निशाना बनाकर विनाश का मॉडल अपनाया। केजरीवाल ने भाजपा पर दिल्ली सरकार को गिराने के लिए उनकी पार्टी के विधायकों को तोड़ने और उनकी सरकार द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा, आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है और उन्हें जेल भेजने की योजना बनाई जा रही है।

# राजनांदगांव से भूपेश बघेल लड़ेंगे चुनाव, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में दिग्गजों को दिए टिकट



**रायपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की बिसात पूरी तरह से बिछ चुकी है। कांग्रेस ने भी पहली लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहली सूची में 39 लोगों को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से छह नामों का एलान किया है जिसमें कोरबा से ज्योत्सना महंत को उम्मीदवार बनाया है। राजनांदगांव से भूपेश बघेल, रायपुर से विकास उपाध्याय, जांजगीर चांपा से शिवकुमार डहरिया को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने महासमुंद से ताम्रध्वज साहू को उम्मीदवार बनाया है। राजेन्द्र साहू को पार्टी ने दुर्ग से उम्मीदवार बनाया है। इससे पहले बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने 195 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की थी। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 39 उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया। पहली लिस्ट में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया है जिसमें 15 जनरल कैटेगरी से ताल्लुक रखते हैं जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जो एससी,एसटी और ओबीसी समुदाय से आते हैं। पार्टी ने छत्तीसगढ़ से छह उम्मीदवारों को मौदान में उतारा है। राजनांदगांव लोकसभा सीट पर आजादी के बाद से अब तक कुल 17 चुनाव हो चुके हैं। राजनांदगांव निर्वाचन क्षेत्र में 1952 से लेकर 1999 तक 13 बार चुनाव हुए। जिनमें से ज्यादातर नतीजे कांग्रेस के ही पक्ष में रहे हैं। साल 2000 में मध्य प्रदेश के विभाजन से बने छत्तीसगढ़ के अस्तित्व में आने के बाद से यहां 2007 में एक उपचुनाव के अलावा तीन लोकसभा चुनाव हुए हैं। 1999 के बाद से 2007 के उपचुनावों के अलावा सभी चुनावों (1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 ) में बीजेपी ने सीट पर कब्जा करने में कामयाब रही है।

# हम अगले 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश कर रहे हैं: सीईओ

नयी दिल्ली। रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयास के अनुरूप अडाणी समूह अगले 10 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने जा रहा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) आशीष राजवंशी ने बताया कि कंपनी मेक इन इंडिया की दिशा में सरकार के प्रयासों का पूरक है। उन्होंने कहा कि वांछित लक्ष्य को साकार करने के लिए ह्यह्यसभी को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बृहस्पतिवार को के डिफेंस समिट में कहा, हम अगले 10 साल में रक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने जा रहे हैं। हालांकि, राजवंशी ने निवेश के बारे में विस्तार से नहीं बताया। एक बड़े कदम में, अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने पिछले महीने गोला-बारूद और मिसाइलों के निर्माण के लिए दो बड़े केंद्रों का उद्घाटन किया।

कंपनी के अनुसार, 500 एकड़ में स्थित कानपुर का केंद्र सबसे बड़े एकीकृत गोला-बारूद विनिर्माण परिसरों में से एक बनने के लिए तैयार है। यह सशस्त्र बलों, अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस के लिए उच्च गुणवत्ता वाले छोटे, मध्यम और बड़े स्तर के गोला-बारूद का उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा, भारत लंबे समय से रक्षा आयात पर निर्भर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया है। भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पिछले पांच वर्षों में स्थिति बदल गई है।



राजवंशी ने घरेलू रक्षा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सुधार उपायों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से निजी रक्षा उद्योगों को जगह प्रदान करने के लिए नीतिगत पहल के साथ-साथ स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का हवाला दिया।

राजवंशी ने कहा, ह्यह्यपिछले तीन वर्षों में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के लिए नीतियों में बड़ा बदलाव आया है। हम अपने उद्योग को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं-इस दिशा में अब हर कोई काम कर रहा है। सम्मेलन में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत ने कहा कि उनका संगठन निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बीच अंतर नहीं करता है। उन्होंने कहा, हम सभी को समान अवसर देते हैं। हमारी प्रौद्योगिकियां सभी के लिए हैं। अब तक हमने निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के साथ 1700 टीओटी (प्रौद्योगिकी हस्तांतरण) किए हैं। हमारे पेटेंट दोनों क्षेत्रों के लिए हैं। उन्होंने कहा, आज निजी उद्योग रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम अब इस क्षेत्र में स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम छोटी कंपनियों को भी बढ़ावा देने पर काम कर रहे हैं।

# इंद्रलोक में नमाज से जुड़ी घटना के बाद पुलिस, अर्द्धसैन्य बल के जवान तैनात

**नयी दिल्ली।** इंद्रलोक में नमाज पढ़ रहे लोगों को धक्का देने तथा लात मारने की घटना के लिए दिल्ली पुलिस के एक उपनिरीक्षक को निलंबित किए जाने के एक दिन बाद इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैन्य बलों की कम से कम तीन टुकड़ियों के साथ ही स्थानीय पुलिस शनिवार को उत्तरी दिल्ली में इंद्रलोक और उसके आसपास के इलाकों में तैनात रहेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने इलाके में शांति कायम करने के लिए एक शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठकें भी कीं। संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर) परमादित्य ने शनिवार को बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और इलाके में शांति है। परमादित्य ने बताया, ह्यह्यहमारे अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर रख रहे हैं और इलाके में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात हैं।



उपनिरीक्षक मनोज कुमार तोमर ने शुक्रवार को उत्तरी दिल्ली में एक सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को कथित तौर पर धक्का दिया और ह्यलातह्व मारी जिसके बाद सैकड़ों स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। आरोपी पुलिसकर्मी को तुरंत निलंबित कर दिया गया। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद नेताओं समेत समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने इस कृत्य की निंदा की।

तोमर इंद्रलोक पुलिस चौकी के प्रभारी थे जो सराय रोहिल्ला पुलिस थाने के तहत आती है। उन्हें दो महीने पहले ही पुलिस चौकी में तैनात किया गया था। यह घटना इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के समीप दोपहर करीब दो बजे शुक्रवार की नमाज के दौरान हुई। कथित वीडियो में तोमर मस्जिद के नजदीक सड़क पर नमाज अदा कर रहे लोगों को तितर-बितर करने की कोशिश करते और अचानक आक्रोशित होकर कुछ नमाजियों को धक्का देते व लात मारते दिखायी दे रहे हैं। घटना के खिलाफ स्थानीय लोगों ने सड़क अवरुद्ध कर दी थी। यह घटना रमजान शुरू होने से कुछ दिन पहले हुई है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। रविवार 10 मार्च -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# पंजाबी समाज हो गया खामोश और नहीं की लोकसभा में दावेदारी

## फिर क्यों जताते हैं रोष और कहते हैं नहीं मिली सियासी भागीदारी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चुनाव में दल कोई सा भी हो लेकिन टिकट के दौरान जातीय संतुलन साधा जाता है। टिकट के समय हर समाज अपनी दावेदारी करता है। गाजियाबाद में भी बात अगर भाजपा की करें तो यहां पंजाबी समाज हर चुनाव में अपनी दावेदारी करता आया है। वो विधानसभा में भी टिकट मांगते हैं और मेयर चुनाव में भी उनकी दावेदारी रहती है। वो हर बार इस बात को जोर शोर से उठाते हैं कि पंजाबी समाज के इतने वोट हैं और ये वोट भाजपा का वोट बैंक माने जाते हैं उनका रोष इस बात को लेकर होता है कि चुनावी समीकरण में हमारे समाज की भागीदारी नहीं होती है।

वो इस बात को लेकर रोष भी दिखाते हैं लेकिन भगवागढ़ में कमल वाले दल में कमाल ये हुआ है कि लोकसभा चुनाव में पंजाबी समाज से किसी ने टिकट ही नहीं मांगा। जो समाज अपनी भागीदारी की बात करता है। जो पंजाबी समाज उम्मीदवारी के समय एक उम्मीद लगाता है। उस पंजाबी समाज से कोई ऐसा नेता आगे ही नहीं आया जिसने टिकट मांगा हो। दावेदारी को लेकर पंजाबी समाज पूरी तरह खामोश रहा और अब ये सवाल भाजपा में ही खड़ा हुआ है कि जब पंजाबी समाज ने दावेदारी ही नहीं की तो इनकी भागीदारी कहां से हो जायेगी। लोकसभा की दावेदारी में पंजाबी समाज का कोई चेहरा सामने नहीं आया। कोई पंजाबी समाज का नेता लोकसभा का टिकट मांगने का साहस ही नहीं जुटा पाया। अब ये चर्चा है कि अगर समाज टिकट भी नहीं मांगेगा तो उसकी राजनीतिक चेतना क्या मानी जायेगी। कम से कम टिकट की आवाज तो उठानी चाहिए थी। जाट समाज से लेकर वैश्य समाज तक दावेदारी होती है मगर पंजाबी समाज ने अपनी दावेदारी पर मौन धारण कर लिया।

**जो पंजाबी समाज उम्मीदवारी के समय एक उम्मीद लगाता है। उस पंजाबी समाज से कोई ऐसा नेता आगे ही नहीं आया जिसने टिकट मांगा हो।**

### सरदार एसपी सिंह से शुरू और जगदीश साधना पर खत्म पंजाबी सियासत



करंट क्राइम। पंजाबी समाज की बात करें तो गाजियाबाद के पहले विधायक सिख रहे हैं। लेकिन उसके बाद से यहां कोई पंजाबी नेता ना विधायक बना, ना मेयर बना और ना ही सांसद बना। भाजपा की बात करें तो यहां सरदार एसपी सिंह से ये शुरूआत होती है। उन्हें संगठन में भी पद मिला और वो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य भी रहे। लेकिन उसके बाद पंजाबी समाज से दावेदारी तो होती रही लेकिन भागीदारी वाली बात नहीं आई। पंजाबी समाज की बात करें तो यहां वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना को पिछली सरकार में पंजाबी अकादमी का सदस्य बनाया गया और कहा ये जाता है कि ये पद खुद ही जगदीश साधना ने ससम्मान रिटर्न कर दिया। पंजाबी समाज से तीसरा नाम बलदेवराज शर्मा का है। वो दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बनाये गये। जहां तक पंजाबी चेहरों की बात है तो उसमें कहा जाता है कि चार चेहरों से आगे इस समाज की भागीदारी नहीं निकली है। चुनिंदा चेहरे हैं और पंजाबी राजनीतिक जागृति अभी डवलप नहीं हो पाई है। गौरव चौपड़ा युवा नेता के रूप में सामने आये हैं। उन्हें युवा मोर्चा का अध्यक्ष भी बनाया गया। लेकिन जब उन्होंने स्पीड पकड़ी तो यह कहा गया अभी उन्हें राजनीतिक की ओर लंबी पारी खेलनी है।

### अशोक मोंगा का नाम भी नहीं है एमएलसी लिस्ट में



करंट क्राइम। अगर पंजाबी चेहरों की बात करें और राजनीतिक सक्रियता की बात करें तो अशोक मोंगा के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। अशोक मोंगा लगातार भाजपा के महानगर अध्यक्ष रहें और उन्होंने उस समय संगठन चलाया जब पार्टी विपक्ष में थी। कई आंदोलन, प्रदर्शन उनके नेतृत्व में हुए। इस चेहरे ने पुलिस की लाठियां भी खाई है और मुकदमें भी झेले हैं। लोकसभा दावेदारी की बात करें तो अशोक मोंगा पहले से ही जनरल वीके सिंह के सपोर्ट में हैं। जब टिकट होल्ड हुआ तो अशोक मोंगा सोशल मीडिया पोस्ट के साथ आये और उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जनरल को वो फिर से भी चाहते हैं और दिल से भी चाहते हैं। लिहाजा अशोक मोंगा ने लोकसभा वाली दावेदारी को दल से भी और दिल से भी जनरली सरेंडर कर दिया। लेकिन ये नाम पंजाबी समाज से एमएलसी दावेदारी में हो सकता था। मगर जब शनिवार को एमएलसी वाली लिस्ट आई तो उस लिस्ट में अशोक मोंगा का नाम नहीं था। लिहाजा पंजाबी समाज की एमएलसी दावेदारी भी खत्म हुई।

# सीपी-डीएम ने किया पुलिस कमिश्नरेट के लिए एक्वायर जमीन का निरीक्षण

### अधिकारियों का दावा यूपी का बेस्ट पुलिस हैडक्वाटर बनेगा कमिश्नरेट गाजियाबाद





गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए एक्वायर की गई नंदग्राम थानाक्षेत्र अंतर्गत आने वाले राजनगर एक्सटेंशन की लगभग 10 हजार वर्गगज जमीन की तारबंदी कर दी गई है। इसके साथ ही यहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्य कार्यालय का बोर्ड भी लगा दिया गया है। शनिवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने यहां का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र ने निर्माणाधीन क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। बता दें कि शासन की ओर से गाजियाबाद में नया पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय बनाने के लिए जमीन और धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि आगामी लोकसभा चुनाव के बाद यहां किसी बड़ी कंपनी को टेंडर देकर या इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। शनिवार को निरीक्षण करने के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल और थाना नंदग्राम प्रभारी धर्मपाल मौके पर मौजूद थे। वहीं एडीसीपी प्रोटोकॉल आंनद कुमार भी उपस्थित रहे।

### गगनचुंबी इमारत के बीच बनेगा बहुमंजिला कार्यालय

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का जो नया मुख्य कार्यालय बनाए जाना है, वह गगनचुंबी इमारत के बीच राजनगर एक्सटेंशन में बनेगा। साथ ही विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि जो पुलिस मुख्यालय गाजियाबाद बनाया जाएगा, उसमें अधिकारियों के बैठने के साथ ही तमाम एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यालय और कई शाखाएं भी रहेंगी। इसी के साथ प्रमुख ऑफिस भी यहां बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह है बहुमूल्य बिल्डिंग होगी और उसमें लिफ्ट से लेकर सभी आधुनिक व्यवस्थाएं भी प्रदान की जाएगी।

### अंडरग्राउंड होगी पार्किंग और बनेगा कैफेटेरिया

**करंट क्राइम।** पुलिस के विभागीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस मुख्यालय में अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इसी के साथ यहां कैफेटेरिया भी बनाया जाएगा। साथ ही कई प्रमुख कार्यालय भी यहां बनाए जाएंगे। जिनका निर्माण भविष्य में जल्द ही शुरु किया जाएगा।

# शोलों के बीच बैठकर तपस्या करने वाली नंदकिशोर गुर्जर का वीडियो बटोर रहा है सुर्खियां

## वीडियो की जमकर हो रही है चर्चाएं

गाजियाबाद ,करंट क्राइम। राजनीति के क्षेत्र में अपने अलग स्वैग के लिए पहचान रखने वाले भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर का वीडियो जब भी आता है वह सनसनी मचा देता है। ताजा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें विधायक नंदकिशोर गुर्जर आग के गोलों के बीच पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं। गुर्जर की तपस्या वाला यह वीडियो कहां पर शूट किया गया है और कब का है इसकी पुष्टि नहीं है लेकिन वीडियो लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। अपने क्रांतिकारी विचारों और अलग स्टाइल के लिए टीआरपी हासिल करने वाले विधायक नंदकिशोर गुर्जर जब भी कुछ करते हैं, वह चर्चाओं में आ जाते हैं। कुछ समय पहले उन्होंने भगवान शनि देव की तेल के साथ स्नान करने वाली पूजा की थी, वह भी काफी सुर्खियों में रही थी। तो वहीं उनका हल्दीघाटी वाला अंदाज भी किसी से छुपा नहीं है। साथ ही कभी गायों के बीच तो कभी सुरक्षा घेरे के साथ वीडियो की चर्चाएं कभी कम नहीं होती हैं। उनके वीडियो पहले भी कई बार लोगों की धड़कन बढ़ा चुका है और इस वीडियो ने फिर ऐसा ही किया है, ऐसा सुनने में आ रहा है।



### क्रांतिकारी विधायक का क्या है नया संदेश

**करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सरगर्मी चल रही हैं, तो वहीं अभी भाजपा की ओर से टिकट की स्थिति भी क्लियर नहीं है। इन सबके बीच क्रांतिकारी विधायक जी का नया संदेश वाला वीडियो बता रहा है कि आग के गोलों के बीच बैठकर तपस्या और पूजन का कुछ ना कुछ आने वाले दिनों में संदेश भी दिखाई और सुनाई दे सकता है।

**वीडियो में बज रहा है तांडव सॉन्ग, इसके लगाए जा रहे हैं कई मायने विधायक नंदकिशोर गुर्जर जो भी करते हैं, उसके पीछे कोई ना कोई संदेश होता है। कहा जाता है कि वह जो करते हैं उसका राजनीति में कुछ ना कुछ अर्थ भी होता है। सूत्र बता रहे हैं कि उन्होंने जो वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। उसमें शिव तांडव नजर आ रहा है, शिव तांडव के पीछे के क्या मायने हैं। इस पर अभी संशय बरकरार है, पर लगातार इस वीडियो की चर्चा शहर से लेकर भाजपा के खेमों में जमकर हो रही है।**



# आज या कल आ जाएगा गाजियाबाद का लोकसभा टिकट का भगवा रिजल्ट

## चर्चा में चल रहे हैं कई नाम बोल्ड और पार्टी ने टिकट कर दिया था होल्ड

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिस जिले में भाजपा के नाम सबसे बड़ा जनादेश है। जिस जिले में उसे देश में सबसे बड़ी जीत विधानसभा में मिली है। जिस जिले में भाजपा 6 कार्यकाल से मेयर की सीट पर काबिज है। जिस जिले में 100 वार्ड वाले निगम सदन में 73 सीट पर भाजपा है और जिस जिले में लोकसभा की बड़ी जीत उसे हासिल हुई है उस जिले में भाजपा ने टिकट होल्ड कर दिया। भाजपा संगठन का ये बोल्ड फैसला है और अब पूरी भाजपा इस इंतजार में है आखिर टिकट होल्ड क्यों हुआ है और इस राज से पर्दा कब हटेगा। सूत्र बताते हैं कि रविवार या सोमवार को गाजियाबाद के टिकट होल्ड वाले सीन से पर्दा हट जायेगा। रविवार या सोमवार को भाजपा की कमेटी बैठेगी और ये माना जा रहा है कि फैसला आ जायेगा। रिजल्ट क्या रहेगा ये अभी कमल की पंखुडियों में कैद है। यहां से मौजूदा समय में जनरल वीके सिंह लोकसभा सांसद हैं। वो अपने विकास वाले रिपोर्ट कार्ड के साथ मजबूत दस्तक दे रहे है .वह वर्ष 2014 में पहली बार यहां से लोकसभा चुनाव लड़े थे और बड़ी जीत हासिल की थी और वर्ष 2019 में उन्हें पार्टी ने दोबारा से टिकट दिया और यहां सपा, बसपा और रालोद संयुक्त होकर चुनाव लड़े लेकिन भाजपा के पास इतने वोट थे कि तीनों दल मिलकर भी उतने वोट हासिल नही कर पाये थे। बहरहाल गाजियाबाद के टिकट पर फैसला आने वाला है। टिकट क्यों होल्ड हुआ है और इस होल्ड के पीछे क्या कोई बोल्ड डिसीजन है ये भी जल्द ही पता चल जायेगा।

## जनरल वीके सिंह के साथ राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह का नाम सुर्खियों में





### मेरठ में हुआ वैश्य टिकट तो यहां आ जायेंगे ठाकुर साहब निकट

करंट क्राइम। टिकट किसके लिए विकट होगा और किसके निकट हो जायेगा, इसे लेकर भाजपा के सियासी जानकार अपना गुणाभाग लगा रहे हैं। जो पुरानी भाजपा से हैं और नई भाजपा से है वो भी अपने अपने आंकलन को बता रहे हैं। पार्टी की एक लॉबी का मानना है कि गाजियाबाद जैसे भगवागढ़ में लोकसभा का टिकट होल्ड होना कोई छोटी बात नहीं है। यहां भाजपा जीतेगी इसे लेकर कोई संशय नहीं है ।जनरल वीके सिंह के रिपिटेशन पर भी कोई संशय नहीं है . भाजपा के विधायक अतुल गर्ग ये दावा कर चुके हैं कि यहां चुनाव कोई भी लड़े लेकिन खिलेगा कमल का फूल ही। वो ये दावा कर चुके हैं कि यहां भाजपा आठ लाख वोटों से भी ज्यादा से चुनाव जीतेगी। ऐसे में भाजपा हाईकमान का टिकट होल्ड करने का फैसला निश्चित रूप से कुछ ज्यादा बोल्ड होने के संकेत नहीं दे रहा है .मगर राजनीति में ऊँट किस करवट बैठ जाए ये अंतिम समय तक नहीं कहा जा सकता .अब चुनावी विश्लेषक बता रहे हैं कि आस पास के जातीय संतुलन का असर यहां के टिकट पर पड़ेगा। गौतमबुद्धनगर में पहले ही ब्राहमण चेहरे को टिकट दिया जा चुका है। बागपत में गठबंधन का जाट चेहरा आ गया है और अब नजरें मेरठ पर हैं। सियासी जानकार बता रहे हैं कि अगर यहां टिकट वैश्य समाज को गया तो फिर गाजियाबाद में ठाकुर चेहरा आ जायेगा। ये चर्चा बड़े जोरों पर है कि बिरादरी सेम रहेंगी, मगर अंदरखाने कुछ हलचल के संकेत है . लिहाजा समीकरण मेरठ में वैश्य रहेगा और यहां चेहरा बदला जा सकता है. गाजियाबाद को लेकर भी ये कयास प्रबल हो गया है कि यहां भी समीकरण ठाकुर ही रहेगा. नाम मजबूत जनरल वीके सिंह का ही है. मगर अरुण सिंह का भी नाम अंतिम दो दिनों में काफी मजबूती से ऊपर आया है . टिकट की घोषणा के इंतजार ने पक्ष विपक्ष के समर्थकों की धड़कनों को जरूर बड़ा दिया है।

### मान सिंह गोस्वामी से लेकर डॉ वीरेश्वर त्यागी ने भी की है दावेदारी





करंट क्राइम। लोकसभा का टिकट होल्ड है और ये भाजपा का सिटिंग टिकट है। मौजूदा समय में इस सीट पर भाजपा काबिज है ।उसने गठबंधन में भी यह सीट नहीं है। ऐसे में ये एक सवाल है कि भाजपा से अन्य किन चेहरों ने दावेदारी की है। भाजपा के क्षेत्रीय पदाधिकारी मान सिंह गोस्वामी ने बाकायदा अपना बायोडाटा देकर गाजियाबाद लोकसभा के भाजपा टिकट की दावेदारी की है। यहीं से राकेश त्यागी ने भी बायोडाटा दिया है और दावेदारी की है। भाजपा से टिकट मांगने वालों में एक पूर्व गुर्जर विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ वीरेश्वर त्यागी भी हैं।

## संपादकीय

# कांग्रेस में टूट के साथ बिखराव

कांग्रेस की कमजोर सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडऩे वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडऩे में लगे हुए हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडऩा शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडऩे की अटकलें लगाई जा रही हैं। भाजपा के ताकतवर होने होने के बाद कांग्रेस ने कभी भी पार्टी के लगातार कमजोर पड़ते जाने को लेकर आत्मंथन नहीं किया। कांग्रेस अपनी किसी भी नीति और सिद्धांत पर कायम नहीं रह सकी। ऐसे में भाजपा ने कांग्रेस के ढहते किले में तोडफोड़ करने में कसर बाकी नहीं रखी। भाजपा ने दोतरफ से कांग्रेस का घेराव किया। एक तरफ कांग्रेस शासन के भ्रष्टाचार और गलत नीतियों को न सिर्फ उजागर किया बल्कि कई दिग्गजों पर सीबीआई और ईडी की कार्रवाई भी करवाई। दूसरी तरफ भाजपा ने कांग्रेस में सेंधमारी करके उसे हाशिए पर लाने में कसर बाकी नहीं रखी। दोनों तरफ से पिटती कांग्रेस में नेताओं को लगने लगा कि इसके दिन लद गए लगते हैं।

# क्रिप्टोकरेंसी बाजार में मजबूती

## बिटकॉइन पहली बार 70 हजार के पार पहुंचा



**नई दिल्ली।** जनवरी के अंत में अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने 11 स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दे दी थी। यह बिटकॉइन के लिहाज से बहुत बड़ा फैसला था। इससे पहले एफटीएक्स एक्सचेंज के पतन, कई कॉरपोरेट विवादों व बैंकों के दिवालिया होने के कारण क्रिप्टोबाजार में मंदी छाई रही थी। बिटकॉइन की कीमत एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। क्रिप्टो बाजार में जारी उठा-पटक के बीच पहली बार यह डिजिटल करेंसी 70,000 डॉलर का लेवल पार कर गई। हाल के दिनों में अमेरिकी स्पॉट एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (एळञ्) की लॉन्चिंग के बाद से बिटकॉइन की कीमतों ने तेजी पकड़ी है। बिटकॉइन की कीमतों में यह इजाफा क्रिप्टो उत्पादों में निवेशकों की बढ़ती रुचि और वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद को बल देता है। एफटीएक्स एक्सचेंज के पतन के बाद क्रिप्टो बाजार में जो मंदी छाई थी हाल के दिनों में उसमें महत्वपूर्ण रिकवरी दिख रही है।

### शुक्रवार के कारोबारी सेशन के दौरान बिटकॉइन 70,000 के पार

निवेशकों की भारी दिलचस्पी के चलते शुक्रवार को बिटकॉइन पहली बार 70,000 डॉलर के स्तर को पार कर गया। इसमें सबसे बड़ा कारण यूएस ईटीएफ रहा। पिछले कुछ हफ्तों में अरबों डॉलर के फंडे इसमें निवेश किए गए। जिससे बिटकॉइन को उड़ान भरने में मदद मिली। इसके अलावा बिटकॉइन के प्रतिद्वंदी ईथर के ईथरम ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म के अपग्रेड करने के फैसले से भी क्रिप्टो बाजार में रुझान बदले हैं। बीते साल अप्रैल में बिटकॉइन को अलग-अलग हिस्सों में विभाजित करने की रणनीति भी काम कर रही है, इससे निवेशकों की डिजिटल मुद्रा में दिलचस्पी बढ़ रही है।

### अमेरिका में ईटीएफ को मंजूरी मिलने के बाद क्रिप्टोबाजार में आई मजबूती

इसी साल जनवरी के अंत में अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने 11 स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दे दी थी। यह बिटकॉइन के लिहाज से बहुत बड़ा फैसला था। इससे पहले एफटीएक्स एक्सचेंज के पतन, कई कॉरपोरेट विवादों व बैंकों के दिवालिया होने के कारण क्रिप्टोबाजार में मंदी छाई रही थी। कई संस्थागत निवेशकों ने भी क्रिप्टोकरेंसी बाजार में सुस्ती को देखते हुए उससे दूरी बना ली थी। अब ईटीएफ को मंजूरी मिलने के बाद नई ऊर्जा मिल गई है।

शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे बिटकॉइन $68,491.26 (56,01,585) के स्तर पर कारोबार करता दिखा। वहीं, इथेरियम में 3,933.88 डॉलर (3,20,089) के भाव पर कारोबार होता दिखा। इसके अलावे टीथर, बाइनांस कॉइन (बीएनबी), सोलाना, यूएसडी कॉइन और डॉजकॉइन में भी हरे निशान पर कारोबार होता दिखा।

# एसआईपी में बढ़ रहा भरोसा

# विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** फरवरी लगातार 36वां महीना है, जब इक्विटी फंड में निवेश आया है। इस दौरान इक्विटी फंड में निवेश बढ़कर 26,866 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले 23 महीनों का यह रिकॉर्ड है। जनवरी में इक्विटी फंड में 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया था। म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेशकों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। पहली बार इसमें निवेश 19,000 करोड़ के पार पहुंच गया है। फरवरी में एसआईपी में 19,187 करोड़ का निवेश आया। जनवरी में यह 18,838 करोड़ था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने एसआईपी का कुल एयूएम यानी निवेशकों के निवेश का मूल्य 2.49 फीसदी बढ़कर 10.52 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। ब्यूरो

स्मॉल-मिडकैप से हुई निकासीः आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में स्मॉल और मिडकैप फंडों से निवेशकों ने जमकर निकासी की है। स्मॉलकैप में निवेश 10 फीसदी और मिडकैप में 12 फीसदी घटा है। गोल्ड ईटीएफ में 997 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इक्विटी में लगातार 36वें माह निवेशः फरवरी लगातार 36वां महीना है, जब इक्विटी फंड में निवेश आया है। इस दौरान इक्विटी फंड में निवेश बढ़कर 26,866 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले 23 महीनों का यह रिकॉर्ड है। जनवरी में इक्विटी फंड में 21,780 करोड़ रुपये का निवेश आया था।

**स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से, मंगाए गए आवेदन :** स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई, 2024 से शुरू होगी। दूरसंचार विभाग ने आवेदन मंगाने के लिए शुक्रवार को जारी नोटिस में यह जानकारी दी।

सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। ये बैंड 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,000 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज हैं। नोटिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही कुछ कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम के साथ ही इस साल खत्म होने वाली फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा। 2022 की नीलामी में रिलायंस जियो ने 5जी स्पेक्ट्रम पर 88,078 करोड़ खर्च किए थे।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक मार्च वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 6.043 अरब डॉलर बढ़कर 554.23 अरब डॉलर पहुंच गई। देश का स्वर्ण भंडार भी 56.9 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 48.417 अरब डॉलर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत का रिजर्व 4.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.798 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, विशेष निकासी अधिकार में गिरावट आई है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 6.55 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह भी विदेशी मुद्रा भंडार 2.975 अरब डॉलर बढ़कर 619.072 अरब डॉलर पहुंच गया था। अक्तूबर, 2021 में देश के पास रिकॉर्ड 645 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था।

# भारत व ईएफटीए रविवार को करेंगे एफटीए पर हस्ताक्षर

## चार देशों से होगा मुक्त व्यापार



**नई दिल्ली।** ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और तेज करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ह्यईएफटीएह्व वस्तुओं, सेवाओं और निवेश में परस्पर व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई।

भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल हैं। ईएफटीए के कनाडा, चिली, चीन, मैक्सिको और कोरिया सहित 40 भागीदार देशों के साथ 29 एफटीए हैं। मुक्त व्यापार समझौते के तहत, दो व्यापारिक साझेदार सेवाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को आसान बनाने के अलावा, उनके बीच व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की अधिकतम संख्या पर सीमा शुल्क को काफी कम या समाप्त कर देते हैं। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और तेज करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे। ईएफटीए देशों को भारत का निर्यात 2021-22 में 1.74 अरब डॉलर के मुकाबले 2022-23 के दौरान 1.92 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल आयात 16.74 अरब डॉलर था, जबकि 2021-22 में यह 25.5 अरब डॉलर था।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर- 10 नंबर के एक प्रश्न का जवाब दो
स्टूडेंट- सर प्रश्न पूछो
टीचर- बताओ सबसे ज्यादा नकल कहां होती है..?
स्टूडेंट- सर, व्हाट्सएप पर
टीचर को अब समझ नहीं आ रहा कि जीरो देकर इसको फेल कर दूं या टॉप कर दूं।

---

गर्लफ्रेंड- सुनो, मेरी स्किन बहुत ऑयली-ऑयली सी हो गई है
बताइए ना, मैं क्या लगाऊं?
बॉयफ्रेंड- ये लो विमबार, पूरी चिकनाई हटा देगा।
फिर बॉयफ्रेंड की हुई जोरदार कुटाई।

---

मिंकी- भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
चिंकी- भावना, इसमें सब बह जाते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- न्यूयॉर्क शहर का निक नेम बिग एप्पल है।
- नोट कागज का नहीं बल्कि कॉटन का बनता है।
- गुदगुदी प्राचीन चीन में प्रताड़ित करने का एक तरीका था क्योंकि इसके कोई निशान नहीं छूटते।
- दिन में सपने देखना आपके दिमाग के लिये फायदेमंद होता है। इससे आप रचनात्मक बनते हैं।
- 80 प्रतिशत लोग अपनी रातों को पुराने संवाद याद करते हुए बिताते हैं और सोचते हैं कि उन्हें क्या कहना चाहिए था।
- अगर बैकग्राउंड में हल्का संगीत बज रहा हो तो आप अधिक ध्यान से कार्य करते हैं। चार्ज होते हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने से उसकी बैटरी खराब हो सकती है।

## रेत खनन मामले में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के दामाद के परिसरों की ली गई तलाशी अधिकारियों ने बताया कि कथित अवैध रेत खनन मामले में करीब 10 परिसरों की तलाशी ली जा रही है और धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी इसकी जांच कर रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में कथित अवैध रेत खनन की जांच से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में शनिवार को राज्य में छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के दामाद आधव अर्जुन के चेन्नई और कोयंबटूर स्थित कुछ परिसरों के तलाशी ली जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि कथित अवैध रेत खनन मामले में करीब 10 परिसरों की तलाशी ली जा रही है और धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी इसकी जांच कर रहा है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री का लोकदल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री का मोदीनगर आने पर लोकदल व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शनिवार को प्रदेश सरकार में राष्ट्रीय लोकदल (एनडीए गठबंधन) के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का प्रथम बार मोदीनगर आगमन पर यंहा दर्जनों भाजपा व लोकदल के कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। अनिल कुमार ने यंहा बस स्टैंड के समीप पंहुचकर सबसे पहले संविधान निमार्ता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इसके बाद वह अपने दलबल के साथ भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री चै0 चरण सिंह की प्रतिमा पर पंहुचे ओर उन्होंने वंहा उन्हें नमन करते हुये माल्यार्पण किया। इस दौरान पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, अमरजीत सिंह बिड्डी, बिट्टू खंजरपुर, सतेन्द्र तोमर, रामभरोसे मौर्य, रणवीर सिंह दहिया, कपिल चैधरी सहित कई भाजपा नेता आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता प्रदीप शर्मा का हुआ स्वागत



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी कार्यालय शहर अध्यक्ष सचिन दिक्षित के नेतृत्व में सपा नेता प्रदीप शर्मा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनायें जाने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदीप शर्मा ने कहा की 2024 का चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है, सभी कार्यकर्ता को एक जुट होकर चुनाव में लगना पड़ेगा, तभी सविधान बच पायेगा। आज देश में नौजवान, किसान, मजदूर, व्यापारी सभी पीड़ित है, नौजवानो को रोजगार के नाम पर पेपर लिक मिल रहा है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष सचिन दिक्षित, सुनील दिवेर्दी, बबलू लाइट, सभासद दुष्यंत यादव, पूर्व शहर अध्यक्ष दिग्विजय कश्यप, आसिफ, मोंटी वर्मा, राजकुमार शर्मा, युसूफ मलिक, दीनु खान आदि मौजूद रहे।

# महिला दिवस पर उत्थान फाउंडेशन ने बांटे सेनेट्री पैड



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** महिलाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता के सम्बन्ध में उत्थान फॉउन्डेशन द्वारा चलाए गये महिला स्वच्छता जागरुकता अभियान का आयोजन यहाँ विजयनगर बस्ती के शिव मंदिर में किया गया।

संस्था की संस्थापक सचिव डॉ0 सोनिका जैन ने महिलाओं को मासिक धर्म के समय ध्यान रखे जाने वाली महत्वपूर्ण जानकरी दी तथा उस समय संक्रमण से कैसे बचा जा सकता है, ये भी महिलाओ को बताया। उन्होंने महिलाओं को स्वस्थ रहने व सही खान -पान का ध्यान रखने को कहा। साथ ही उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ औरत ही स्वस्थ परिवार का संचालन कर सकती है । विशिष्ट अतिथि रीता जैन ने कहा कि महिलाएं पढ़े लिखे होने के बाद भी इस विषय पर खुल कर चर्चा नहीं करतीं, ऐसे में संस्था द्वारा लोगों को इस विषय में जानकरी देना बहुत ही सराहनीय है। इस मौके पर संस्था की ओर से 400 सेनेट्री पैड का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में ज्योति रानी, राकेश, मोनिका, हेमलता, अनुराधा, गीता, पूनम, जाह्नवी, लक्ष्मी,रजनी, शारदा और शशि का योगदान रहा।

# 100वें टेस्ट में अश्विन ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने



**नई दिल्ली।** अश्विन ने सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज सर रिचर्ड हैडली की बराबरी की।

अब अश्विन से ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने के मामले में शेन वॉर्न (37 बार) और श्रीलंका के पूर्व स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (67 बार) आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में भारत के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इतिहास रच दिया। उन्हेंने इंग्लिश टीम की दूसरी पारी में पांच विकेट झटके। अश्विन ने बेन डकेट (2) को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया था। इसके बाद उन्होंने जैक क्राउली (0) और फिर ओली पोप (19) को आउट कर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम को पवेलियन भेजा। फिर उन्होंने बेन स्टोक्स और बेन फोक्स को आउट कर पारी में पांच विकेट पूरे किए।

टेस्ट में उन्होंने अब तक 36 बार पारी में पांच विकेट लिए हैं। वह भारत की ओर से टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने 35 बार ऐसा किया था।

## न्यूज डायरी

### दंबगों ने घर में घुसकर की मारपीट खेलने को लेकर हुआ था विवाद



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव खिमावती में खेलने को लेकर बच्चों के बीच हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले व पत्थरबाजी हुई। दंबगों ने घर में घुसकर परिवार को मारपीट कर घायल कर दिया और तोड़फोड भी की। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गांव खिमावती निवासी जतिन व विशाल के बीच खेलने को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। वहां पर मौजूद लोगों ने दोनों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। आरोप है कि विशाल ने अपने घर जाकर मारपीट की बात बताई। इसके बाद विशाल के पिता नरेश अपने साथियों के साथ जतिन के घर पहुंचे और मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि दंबगों ने घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड भी की। इस मारपीट में जतिन पक्ष के कई लोग घायल हो गए। इस संबंध में ओमवीर सिंह ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर नरेश ,विकास व विपिन निवासी गांव खिमावती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को घर से निकाला

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** बुलेट की मांग के चलते ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर एक विवाहिता को घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में पति सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। भोजपुर थानान्तर्गत शबाना का निकाह 24 अक्टूबर 2011 को अमरोहा निवासी तसलीम के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज से खुश नहीं थे। आए-दिन दहेज में नकदी की मांग की जाती थी। विरोध करने पर विवाहिता को बेरहमी से पीटा जाता था। इस बीच महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज में नगदी के साथ ही बुलेट की मांग कर रहे थे। इसके चलते पिछले दिनों मारपीट कर विवाहिता को घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में पति तसलीम, अकील अहमद, नईमा खातून के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोपों की जांच चल रही है। जांच उपरांत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जमीन के एवज में दिये 35 लाख पर नहीं मिला कब्जा, मुकदमा दर्ज




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** दिल्ली की पालम कॉलोनी बगडौला निवासी ने एक महिला से वर्ष 2021 में भूमि का सौदा तय किया। उसकी एवज में 35लाख रुपए लेने के बाद भी उसे भूमि पर कब्जा नहीं मिला। कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने व धमकी देने के मामले में पांच लोगों को नामजद किया है। पालम कॉलोनी बगडौला निवासी नितिन कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 में गांव तोड़ी निवासी महिला नफीसा बेगम की तीन बीघा पुख्ता भूमि का सौदा तय हुआ। उसकी एवज में पहले साढ़े नौ लाख रुपए दिये गये। इस बीच नफीसा की मौत हो गयी, तो उसकी भूमि परिवार के नाबलिगों के नाम चढ़वा दी गयी। आरोप है कि इनामुल हक ने इस मुकदमे को समाप्त कराने की एवज में नितिन से फिर रूपयों की डिमांड की। कुल मिलाकर नितिन ने इस भूमि के एवज में 35लाख रुपए दे दिये। जब भूमि के बैनामे को कहा तो आरोपियों ने रुपए देने से मना करते हुए उसे जान से मारने की धमकी तक दे डाली। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# अब न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया मैच में कोई भी जीते, भारत टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगा बरकरार



**नई दिल्ली।** इस जीत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका में भारत की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। अब क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच के नतीजे से अंक तालिका पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट में जीत के साथ भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। धर्मशाला में खेले गए मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से हरा दिया। यह टीम इंडिया की इंग्लैंड पर पारी के अंतर से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2016 में भारत ने इंग्लिश टीम को चेन्नई में पारी और 75 रन से शिकस्त दी थी। इस जीत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका में भारत की स्थिति को और मजबूत कर दिया है। अब क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच के नतीजे से अंक तालिका पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**अंक तालिका का हाल :** ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज का पहला टेस्ट जीता था। न्यूजीलैंड की हार से भारत को फायदा हुआ था और टीम शीर्ष पर पहुंच गई थी। भारत का अंक प्रतिशत 68.51 है। उसने अपने नौ में से छह मुकाबले जीते हैं और दो में हार मिली है। एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत के 74 अंक हैं। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम दूसरे स्थान पर लुढ़क गई थी। उसने अभी तक पांच टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। एक में कीवी टीम को हार मिली है। कीवी टीम 36 अंक और 60 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर लुढ़क गई है। ऑस्ट्रेलिया का अंक प्रतिशत 59.09 है। उसके 78 अंक हैं। कंगारुओं ने अभी तक 11 टेस्ट खेले हैं और सात में जीत हासिल की है। तीन में ऑस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली है और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। बांग्लादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से पांचवें टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत गिरा है। उसका अंक प्रतिशत 19.44 से घटकर 17.5 हो गया है।

टीम आठवें स्थान पर बनी हुई है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 10 टेस्ट खेले हैं और तीन में जीत हासिल की है। ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड टेस्ट से फर्क नहीं पड़ेगा भारत इस जीत से अब कुछ समय तक पहले स्थान पर रह सकता है। हालांकि, अगर पांचवां टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त होता या यदि इंग्लैंड जीत जाता, तो यह ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों के लिए अंक तालिका में टेबल-टॉपर्स के रूप में भारत से आगे निकलने का दरवाजा खोल देता।

# पुष्पांजलि संस्थान की अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद को महापौर सुनीता दयाल ने किया सम्मानित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुष्पांजलि महिला सेवा संस्थान की अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने पुष्पा प्रसाद को उनके सामाजिक न्याय योगदान और गरीब महिला वर्ग के उत्थान के लिए किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर पुष्पा प्रसाद ने कहा कि गरीब और वंचित वर्ग की महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक उत्थान के लिए उनकी मुहिम जारी रहेगी।

# मोबाइल पाकर छात्रों के चेहरे खिले



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में बीएससी व बीकॉम के छात्र-छात्राओं को मोबाइल वितरित किए। कार्यक्रम समन्वयक प्रो0 वन्दना शर्मा, नोडल अधिकारी प्रो0 मयंक, प्रो0 हरीश कुमार, प्रो0 श्रवण कुमार, प्रो0 सुबोध कुमार राणा, प्रो0 जेपी यादव, डॉ0 दीपशिखा, डॉ0 दिनेश कुमार, डॉ0 राजपाल त्यागी, डॉ0 ममता गुप्ता, डॉ, नीतू सिंह, डॉ0 अमर सिंह, डॉ0 अमनपाल सिंह आदि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रो0 दीपक कुमार अग्रवाल ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं व बधाई दी। सभी 404 छात्र.छात्राओं को मोबाइल प्रदान किए। मोबाइल पाकर सभी छात्र-छात्राएं प्रफुल्लित हुए।




# श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर बाल-कालाकारों ने दी उमदा प्रस्तुति





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा कालोनी के आदर्श नगर वार्ड नम्बर 5 में लगातार 10 दिन तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। जसमें कथा वाचक रमन बापू एवं राकेश पंडित ने भागवत कथा की सुन्दर प्रस्तुति दे रहे हैं। उनका साथ जी दे रहे हैं भागवत कथा के समापन पर जनकल्याण हेतु स्थानीय लोग ने हवन पूजन किया। उसके बाद कन्या पूजन करके भण्डारे का आयोजन किया।

बता दें कि इस आयोजन में बच्चों की भूमिका भी सराहनीय रही जिसमें मुख्यतः मधुर मिलन ने आयोजन संभाला तो परी, महिमा और प्रभा ने राधा कृष्ण बनकर सुन्दर प्रस्तुति दी। अंतिम दिन श्री कृष्ण सुदामा के मिलाप पर भागवत कथा का समापन किया गया। भागवत कथा का आयोजन आदर्श नगर मदर डेयरी वाली गली के लोग मिलजुल कर रहे हैं जिसमें आज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# महिला के मकान पर कब्जे का प्रयास, पुलिस कर रही जांच

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक महिला ने मकान पर कब्जा करने के चलते तोड़फोड़ कर 50 हजार रुपये और चांदी की ज्वैलरी ले जाने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। डी-लाइन सीकरी फाटक निवासी महिला शकुंतला देवी के अनुसार, पड़ोस में रहने वाले दो व्यक्तियों की उसके मकान पर काबिज होने के लिये नजर है। इसके चलते शुक्रवार को दोनों व्यक्ति उसके घर पर आए और गाली-गलौज करते हुए मकान खाली कराने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में सारा सामान तोड़ दिया।

अलमारी में रखे 50 हजार रुपये एवं चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। महिला की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है।

# आयुषि उर्फ राशि मुकल संग बंधी परिणय सूत्र में





















गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नार्दर्न रेलवे बोर्ड के पूर्व जोनल मेम्बर प्रदीप त्यागी नम्बरदार की सुपुत्री आयुषि का शुभ विवाह पवन त्यागी के सुपुत्र मुकुल के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर गणमान्य लोगों ने वर-वधु को आशीर्वाद देकर उनके सुखी जीवन की कामना की ।




## थानों के क्यों जांचे जा रहे हैं रजिस्टर




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों तमाम थानों और एसीपी साहब लोगों के कार्यालय के रजिस्टरों की जांच हो रही है। सूत्र बता रहे हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव और त्यौहारी सीजन की तैयारियों के मद्देनजर ऐसा किया जा रहा है। इन रजिस्टरों में पुराने मामले देखे जा रहे हैं। तो वहीं वाद- विवाद और बीते दिनों कौन से ऐसे मामले हैं जो पुलिस के लिए चैलेंज बन सकते हैं उनको लेकर सतर्कता बरती जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में पैदल गश्त करने के लिए कुछ फोर्स भी आ गया है। जिसे जल्द ही सड़क पर इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं की बाकायदा अलग-अलग जोन के लिए पैदल गश्त की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही आगामी त्यौहारों को लेकर जो रजिस्टर जांचने वाला कार्य चल रहा है उसपर प्रभारी से लेकर चौकी प्रभारी को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है। सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि कई थानों के तो रजिस्टर के पन्ने भी अधूरे हैं। तो वहीं कई चौकी वाले पुराना रिकॉर्ड खोजते फिर रहे हैं। इसी के साथ सूत्र बता रहे हैं कि बड़े आयोजनों से लेकर ऐसे आयोजन जो पहली बार हो रहे हैं उनको लेकर सख्ती वाला रुख भी अख्तियार किया जा रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों के जो रजिस्टर जांच जा रहे हैं, उसके पीछे की वजह त्यौहार और चुनाव बताए जा रहे हैं। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में मीटिंगों का दौर बढ़ने वाला है। सुनने में आया है कि शनिवार को दोपहर में मीटिंग हुई फिर एक मीटिंग शाम को और फिर 9 :30 बजे वाली मीटिंग भी आयोजित की गई। जिसमें जिलेभर के अधिकारी आए हुए थे। सूत्र बता रहे हैं की मीटिंग ज्यादा हार्ड नहीं थी। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि रजिस्टर को लेकर आने वाले दिनों में कुछ और इनफॉरमेशन भी सामने आ सकती है। वैसे कमिश्नरेट में दो एसीपी साहब लोगों की टीआरपी हाई बताई जा रही है। पर गोपनीय वाले बता रहे हैं कि उनके जो मामले हैं वो एक खास ऑफिस तक पहुंच चुके हैं। देखना होगा रजिरस्ट से मामले साहब लोगों पर कब जाता है।

## बदमाश को बिजली सब स्टेशन में तार चोरी करते पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित बिजली सब स्टेशन परिसर से तार चोरी करने आए बदमाशों को गार्ड ने पकडकर लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया युवक अपने गिरोह के साथ बिजली के तार चोरी करता है। पुलिस ने उसके पास से औजार व अन्य सामान बरामद किया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के अवर अभियंता मिंटू ने थाने में तहरीर दी है। उन्होने बताया कि बिजली सब स्टेशन परिसर में शुक्रवार रात को एक बदमाश कटीले तार पार करके अंदर आ गया। वह बिजली सब स्टेशन परिसर से बिजली के तार व अन्य सामान चोरी कर रहा था। इसी बीच गार्ड ने देखा लिया और सीटी बजा दी।

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी क्षेत्र को दी 1 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

### कहा- प्रचंड बहुमत से बनेगी तीसरी बार मोदी सरकार




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शनिवार को लोनी नगरपालिका में जल निकासी व मार्ग का आवागमन सुगम बनाने हेतु 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का अगरोला, रामपार्क और नंदा कॉलोनी को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर का स्थानीय निवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत कर आभार जताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोनी ब्लॉक प्रमुख पति कोमल गुर्जर, सभासद जयवीर बंसल, सभासद कविता, कुलबीर चौहान, सभासद हरेंद्र सिंह, जिले नेताजी, चमन बंसल, श्रीपाल, रमेश प्रधान, श्यामवीर खारी, रविन्द्र प्रधान, हेमचन्द्र, राजकुमार, संजय गुर्जर, जयकरन, हरीश चौधरी आदि प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।

विकास कार्यों के उद्घटान के दौरान ब्लॉक प्रमुख पति कोमल गुर्जर ने कहा कि आज लोनी में देहात से लेकर नगरपालिका क्षेत्र तक लोनी के हालात बदलें हैं। लोनी एक आदर्श ब्लॉक और विधानसभा बने इसके लिए विधायक नंदकिशोर गुर्जर के नेतृत्व में लगातार कार्य हो रहे हैं। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्थानीय लोगों के साथ जनसंवाद में कहा कि आज लोनी के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा संकल्पित है और लोनी में



करोड़ों के विकास कार्य पीडब्लूडी, डूडा, विधायक निधि व अन्य विभाग के द्वारा चल रहे है जिससे लोनी के विकास को गति मिलेगी।

भाजपा राज में आज लोनी ही नहीं पूरे देश भर में बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, कानून व्यवस्था में सुधार आया है। देश विश्व की आर्थिक और सामरिक शक्तियों में अग्रणी देशों में शामिल है। सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र से हर वर्ग का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हुआ है। आज पूरा देश मोदीजी के साथ मजबूती से खड़ा है और तीसरी बार प्रचंड बहुमत से केंद्र में मोदीजी सरकर बनाने जा रहे हैं।

## रालोद नेता अरूण चौधरी भुल्लन के नेतृत्व में नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का जोरदार स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद कोटे से प्रदेश के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार का रालोद नेताओं ने यूपी गेट पर जोरदार स्वागत किया गया। शपथ लेने के बाद अपने गृह जनपद आने पर लोकदल के क्षेत्रीय मंत्री अरुण चौधरी भुल्लन के नेतृत्व में यूपी गेट पर ढ़ोल, फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने जो उन पर विश्वास जताया है उस पर वो शतप्रतिशत खरा उतरेंगे अनिल कुमार ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं वो कभी भी आकर उनसे मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया उन्हें जो भी विभाग देंगे उसमें पूरी तन्यमयता से कार्य करेंगे।

स्वागत करने वालों में अरुण चौधरी भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव, चेयरमैन मदन गिरी, निर्दोष त्यागी , लोकेश चौधरी क्षेत्रीय सचिव ,बिल्ला भाई , अमरीश त्यागी , राजीव त्यागी ,देवेंद्र गिरी बम्हेटा, सुधीर गोस्वामी बाम्हेटा, दुष्यंत गिरी, लव कुश चौहान , गौरव करोटिया व टीटू सिंह मौजूद रहे ।

## पूर्णज्ञानांजलि इंटर कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में स्थित पूर्णज्ञानांजलि इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया ' विद्यालय में छात्र-छात्राओं की माताओं व बहनों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ' कार्यक्रम में कई आकर्षक प्रतियोगिताएं कराई गई ' विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र चौधरी ने कहा कि इस दिन को महिलाओं की आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, तमाम उपलब्धियां के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है और साथ ही भेदभाव मिटाकर समानता के बीच उनका अधिकार दिया गया है ' विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी राठौर ने कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां सभी देवता विराजते हैं , आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन गई हैं , हर क्षेत्र में वह मिसाल कायम कर रही है , नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नति संभव है।

## नमो भारत ट्रेन में यात्रा करते लोगों में दिखाई दिया उत्साह

### सुबह छह बजे से ही टिकट लेने वालों की लगी भीड़

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** नमो भारत ट्रेन में तीसरे दिन भी यात्रा करने को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। लोगों का कहना है कि नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने से आरामदायक सफर के साथ ही समय की भी बचत होगी। सुबह छह बजे से पहले ही यात्री टिकट लेने के लिए लाइन में लग गए।

नमो भारत ट्रेन का परिचालन मोदीनगर नार्थ से साहिबाबाद तक के लिए शनिवार सुबह छह बजे से शुरु हो गया। मोदीनगर नार्थ से साहिबाबाद तक आठ स्टेशन पड़ेंगे। सुबह छह बजे पहली ट्रेन स्टेशन पर पहुंच गई। पहली बार यात्रा करने वाले यात्रियों को एनसीआरटीसी द्वारा फूल देकर स्वागत किया गया था। दूसरे दिन भी कम ही यात्रियों ने ट्रेन में सफर किया।





तीसरे दिन हर 15 मिनट में स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन मिल रही थी। पहले दिन गुरूवार को अधिकांश ट्रेन में सफर करने वाले यात्रीयों को देखने के लिए आए थे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रेन के चलने के बाद अब गाजियाबाद व दिल्ली जाना काफी आसान हो गया है। यह ट्रेन मोदीनगर व मुरादनगर क्षेत्र की किस्मत बदल देगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में ट्रेन में यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।

एनसीआरटीसी द्वारा स्टेशन का जिम्मा यूपीएसएस फोर्स के हवाले किया गया है। स्टेशन परिसर में जाने वाले यात्री की संघन चैकिंग की जा रही थी। बिना चैकिंग के किसी भी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा था। यात्रियों ने जमकर नमो भारत ट्रेन की प्रशंसा की।

# बाइडेन और ट्रंप के बीच तेज हुई जुबानी जंग

## यूएस राष्ट्रपति को बताया गुस्सैल और दिमागी तौर पर हिला हुआ



**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प जो बाइडेन और उनके स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन की आलोचना करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति क्रोधित और मानसिक रूप से परेशान थे और ट्रम्प डिरेंजमेंट सिंड्रोम के एक टर्मिनल मामले से पीड़ित हैं। रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार ट्रम्प अपने प्रतिद्वंदी बाइडेन के अंतिम स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें 81 वर्षीय डेमोक्रेट ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, 6 जनवरी कैपिटल हिल्स हिंसा, गर्भपात, आव्रजन पर उनकी हालिया टिप्पणी से लेकर कई मुद्दों पर पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की थी। बाइडने एक बार फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस में हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में ट्रंप का नाम लेने कि बजाए परोक्ष रूप से उन्हें 13 बार अपने ₹पूर्ववर्ती₹ के रूप में संदर्भित किया। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा कि बाइडेन ट्रम्प डिरेंजमेंट सिंड्रोम के एक टर्मिनल मामले से पीड़ित हैं, जिसे केवल महाभियोग के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। बाइडेन के संबोधन पर प्रतिक्रिया देते हुए, ट्रम्प ने कहा कि वह गुस्से में थे। मानसिक रूप से परेशान थे और उन्होंने जिस भी विषय पर चर्चा की, उससे संबंधित कई तथ्यों को गलत तरीके से पेश कर रहे थे। ट्रंप ने कहा कि वह इससे उबर गए। वह अभी भी सांस ले रहे हैं और उन्हें उन्हें स्ट्रेटजैकेट में बाहर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ी। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया, इसके अलावा, मुझे लगता है कि उन्होंने बहुत ही भयानक काम किया है।

# हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी, भले ही...जापान में जयशंकर का बड़ा बयान



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 08 मार्च को निक्केई फोरम में स्थिर भारत सरकार पर पूछे गए सवाल पर कहा कि भारत अगले कई वर्षों तक स्थिर रहेगा, जिस पर विदेश मंत्री जयशंकर ने जवाब दिया, 'हां' 100% हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी के विषय पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी नेतृत्व के परिणामस्वरूप साहसिक निर्णय लेने में मदद मिलती है।

जयशंकर भारत की राजनीतिक स्थिरता और क्या आगामी आम चुनाव विदेश नीति को प्रभावित करेगा, इस बारे में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उम्मीद है कि अधिकारी जल्द ही मई में चुनाव कराने की घोषणा करेंगे। सौ फीसदी, हमारे पास 15 साल की स्थिर सरकार होगी। यह 20 साल या उससे अधिक समय का भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर देश में विकास अलग-अलग होता है, भारत का अनुभव यह रहा है कि राजनीतिक स्थिरता की कमी या संसद में बहुमत की अनुपस्थिति ₹बहुत बड़ा अंतर पैदा करती है। जयशंकर ने कहा कि मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता वाला सुधारवादी नेतृत्व साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है और संसद में बहुमत भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भारत के मामले में देश में पिछले 10 वर्षों से ये स्थितियां हैं और हमें उम्मीद है कि यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में हमने ऐसे फैसले देखे हैं जिन पर वर्षों तक बहस हुई, लेकिन अचानक आपको ऐसा करने की क्षमता मिल गई। उन्होंने कहा कि भारत के मामले में, देश में पिछले 10 वर्षों से ये स्थितियां हैं और हमें उम्मीद है कि यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कई मामलों में हमने ऐसे फैसले देखे हैं जिन पर वर्षों तक बहस हुई, लेकिन अचानक आपको ऐसा करने की क्षमता मिल गई।

# आसमान से आया राहत का सामान... नीचे कर रही थी मौत इंतजार, गाजा में 5 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली।** युद्धरत गाजा में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। गाजा के बड़े अस्पताल के एक चिकित्सक ने शुक्रवार को कहा कि फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में मानवीय हवाई सहायता के दौरान पांच लोगों की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद एक पत्रकार के अनुसार, यह घटना गाजा शहर के पश्चिम में अल शाती शिविर में हवाई मार्ग से गिराए गए सहायता पैकेजों के गिरने से हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार गाजा शहर में अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में आपातकालीन देखभाल विभाग के प्रमुख मुहम्मद अल-शेख ने पुष्टि की कि घटना में पांच लोग मारे गए हैं। शुक्रवार को एक वीडियो में देखा जा सकता है कि पैलेट पर पैराशूट की खराबी के कारण एयरड्रॉप गलत हो जाता है। पैराशूट और सामान को पश्चिमी गाजा में फैरोज टावर्स के पास एक आवासीय इमारत की ओर तेज गति से गिरते देखा जा सकता है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, कि पैराशूट नहीं खुला और रॉकेट की तरह गिर गया।



यह वीडियो उत्तरी शहर बेइत लाहिया के पास अल-सुद्दनिया नामक क्षेत्र में फिल्माया गया था। जैसे ही पैराशूट जमीन के करीब आते हैं लोगों को चिल्लाते हुए सुना जा सकता है। मालूम हो कि संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी के बीच अमेरिका और अन्य देश गाजा में मानवीय सहायता पहुंचा रहे हैं कि घिरे क्षेत्र में हजारों लोग अकाल के कगार पर हैं। गौरतलब है कि पहला अमेरिकी ड्रॉप शनिवार को हुआ, जिसने जॉर्डन के साथ एक संयुक्त अभियान में गाजा तट पर 38,000 भोजन वितरित किए। पिछले शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा योजनाओं की घोषणा के बाद, सहायता एजेंसियों ने गाजा में जरूरत के पैमाने को देखते हुए उन्हें अप्रभावी बताते हुए आलोचना की।

### पैराशूट की रस्सियां सही तरीके से नहीं खुली

जैसे-जैसे राहत सामाग्री जमीन की ओर बढ़ती है, मलबे की बौछार के साथ मुक्त रूप से गिरते बैगों को भी टूटते हुए देखा जाता है, और बाद में तेज आवाज के साथ जमीन पर टकराते हुए देखा और सुना जाता है। दरअसल पैराशूट की रस्सियां सही तरीके से नहीं खुली। गुरुवार को एक अलग घटना में, प्राप्त फुटेज में दर्जनों पैराशूट पार्सल ले जाते हुए एक हवाई जहाज से उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# फिलिस्तीन क्षेत्रों में इजरायली बस्तियां 'युद्ध अपराध' के समान, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में बताया



**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने शुक्रवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि वेस्ट बैंक और पूर्वी येरुशलम में इजरायली बस्तियों की स्थापना और विस्तार युद्ध अपराध के बराबर है। रिपोर्ट 1 नवंबर, 2022 से 31 अक्टूबर, 2023 तक की एक साल की अवधि को कवर करती है, जब यह कहती है कि वेस्ट बैंक में मौजूदा बस्तियों में लगभग 24,300 आवास इकाइयाँ उन्नत थीं। निगरानी शुरू होने के बाद से एक साल में सबसे अधिक संख्या 2017 में। इसने हाल के महीनों में नए निपटान घरों के निर्माण में वृद्धि की निंदा की।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने कहा कि वेस्ट बैंक पहले से ही संकट में है। फिर भी, बसने वालों की हिंसा और निपटान संबंधी उल्लंघन चौंकाने वाले नए स्तर पर पहुंच गए हैं। इस सप्ताह की रिपोर्टें कि इजराइल तीन क्षेत्रों में लगभग 3,500 बसने वालों के घर बनाने की योजना बना रहा है। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा, तुर्क ने कहा कि बस्तियों का निर्माण और विस्तार इजरायल द्वारा अपनी आबादी को अपने कब्जे वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के बराबर है, ₹जो अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत युद्ध अपराध की श्रेणी में आता है।

जिनेवा में इजराइल का राजनयिक मिशन नियमित रूप से तुर्क के कार्यालय पर फिलिस्तीनी चरमपंथियों द्वारा इजरायलियों के खिलाफ हिंसा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में फिलिस्तीनी आतंकवाद के कारण हमलों में 36 इजरायलियों की मौत और लगभग 300 अन्य के घायल होने की बात को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया।

# फ्रांस में गर्भपात अब संवैधानिक अधिकार, वुमन्स डे पर 200 साल पुरानी प्रिंटिंग प्रेस से प्रिंट निकाला



**फ्रांस।** फ्रांस की इमैनुएल मैक्रों सरकार ने इंटरनेशनल वुमन्स डे (8 मार्च) पर देश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया। यहां गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दे दिया गया है। शुक्रवार 8 मार्च को एक पब्लिक सेरेमनी के दौरान जस्टिस मिनिस्टर एरिक ड्यूपोंड मोरेटी ने 19वीं सदी (200 साल पुरानी) की प्रिंटिंग प्रेस इस्तेमाल करके इस संवैधानिक अधिकार की कॉपी निकाली।

इस मामले पर पिछले हफ्ते फ्रेंच पार्लियामेंट में वोटिंग हुई थी। प्रस्ताव के पक्ष में 780 और विरोध में 72 वोट पड़े थे। अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया और मैक्सिको समेत दुनिया के कई देशों में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार बनाने की मांग की जाती रही है। हालांकि, इस मांग को पूरा करने वाला फ्रांस पहला देश बना है।

### पहले क्या थी स्थिति, अब क्या बदलेगा

कॉन्टेक्स्ट मैगजीन की रिपोर्ट के मुताबिक- फ्रांस में गर्भपात का कानूनी अधिकार 1975 से है। इसके तहत 14 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी को टर्मिनेट कराया जा सकता है। मायने ये कि अगर किसी महिला को 14 हफ्ते तक का गर्भ है तो वो कानूनी तौर पर गर्भपात करा सकती है। 1988 में फ्रांस पहला ऐसा देश बना, जहां अबॉर्शन के लिए सरकार की तरफ से मिफीप्रिस्टोन टैबलेट को मंजूरी दी गई। इतना ही नहीं सर्जरी या दवाइयों के के जरिए अबॉर्शन के लिए नेशनल इंश्योरेंस में भी कवर दिया गया है। अब सवाल ये है कि अगर अबॉर्शन गैरकानूनी नहीं था नेशनल इंश्योरेंस पॉलिसी में कवर होता था तो अब क्या बदलेगा। इसका उत्तर भी इतना ही आसान है। दरअसल, बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होगा। दरअसल, यूरोप के बाकी देशों की तरह फ्रांस में भी फ्रीडम राइट्स यानी आजादी के अधिकारों पर बेहद जोर दिया जाता है। महिला अधिकार संगठन लंबे वक्त से मांग कर रहे थे कि गर्भपात के अधिकार को संविधान का हिस्सा बनाया जाए। उनकी दलील थी कि इससे उन लोगों को हमेशा के लिए चुप कराया जा सकेगा जो महिला अधिकारों का बात-बात पर विरोध करते हैं।

इन संगठनों की पिछले दिनों एक प्रेस रिलीज में कहा था- फ्रांस और यूरोप के कुछ हिस्सों में दक्षिणपंथी हावी हो रहे हैं। ये महिला अधिकारों पर छोटी सोच रखकर उन्हें बंदिशों में रखना चाहते हैं। लिहाजा, फ्रांस में गर्भपात के अधिकार को संविधान में शामिल किया जाना जरूरी है।

### बड़ा सवाल, क्या यह अधिकार खत्म भी किया जा सकता है

सबसे पहले यह बिल सीनेट ने पास किया। इसके बाद दोनों सदनों की मुहर लगी। लिहाजा, ये बदलाव तो पहले ही स्वीकार किए जा चुके थे।

अब महिलाओं को संविधान में एक्स्ट्रा प्रोटेक्शन मिल गया है। इसलिए, संविधान में फिर संशोधन करके इस अधिकार को वापस लेना नामुमकिन न सही, लेकिन बेहद मुश्किल जरूर है। बिल को लेकर अब भी कई सवाल हैं। मसलन, कुछ महिला संगठन चाहते हैं कि अबार्शन लिमिट 14 हफ्ते से ज्यादा होनी चाहिए थी। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को ज्यादा सुविधाएं मिलनी चाहिए। तीसरी मांग कुछ मजहबी है। इसके मुताबिक- यह तय किया जाना चाहिए कि कोई भी मेडिक (डॉक्टर) अपनी मजहबी मान्यताओं के चलते अबॉर्शन करने से इनकार नहीं करेगा।

# जापान में सेम सरनेम कानून खत्म करने की मांग

## लोग बोले- ये हमारे करियर, जीवन में मुश्किलें बढ़ा रहा

**टोक्यो।** जापान में शादी के बाद एक ही सरनेम रखने का कानून है। इस कानून के खिलाफ छह जोड़ों ने सरकार पर सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। कानून के कारण जोड़ों को होने वाली परेशानी और असफलताओं के बारे में जागरूकता बढ़ने से बदलाव की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। इस कानून से खासकर महिलाओं के लिए करियर में आगे बढ़ने और व्यक्तिगत तौर पर मुश्किलें बढ़ रही हैं।

### महिलाओं का परेशानियां ज्यादा बढ़ीं

जापान में यह कानून पुरुष प्रधान सामाजिक व्यवस्था को औपचारिक बनाने के लिए अपनाया गया था। इस कारण शादी के बाद जो महिलाएं अपने उपनाम का इस्तेमाल करती हैं, उन्हें अलग-अलग कानूनी और व्यावसायिक नामों के कारण कई मूलभूत सेवाओं, सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ता है।




तलाक होने पर यह कानून महिलाओं को बच्चों की कस्टडी मिलने में भी रुकावटें खड़ी करता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट दो बार इस कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर चुकी है। लेकिन इस बार कई बड़ी कंपनियों के ज्यादा से ज्यादा पुरुष मैनेजर भी कानून में बदलाव की जरूरत का समर्थन कर रहे हैं। वे ऐसी प्रणाली की मांग कर रहे हैं, जिसमें विवाहित जोड़ों के पास कोई अलग-अलग नाम रखने का विकल्प उपलब्ध रहे।

### शादी के बाद एक उपनाम रखने की प्रणाली 1898 से चल रही

रूढ़िवादी रुख के लिए पहचाने जाने वाला जापान के शक्तिशाली बिजनेस लॉबी समूह कीडैनरेन ने भी अलग-अलग उपनाम प्रणाली लागू करने के लिए समर्थन व्यक्त किया है।
कीडैनरेन ने इस मुद्दे पर सरकार को एक सिफारिश पत्र सौंपने की योजना भी बनाई है।
जापान में शादी के बाद एक उपनाम रखने की प्रणाली 1898 से चल रही है। कानून में पत्नियों को अपने पतियों का उपनाम अपनाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन वास्तव में, 95% से अधिक विवाहित महिलाएं ऐसा करती हैं।

# 8 साल जेल में रहे जरदारी का राष्ट्रपति बनना तय

## पाकिस्तान में शाम तक आएंगे नतीजे, PAK संसद में इमरान खान जिंदाबाद के नारे लगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आज राष्ट्रपति पद के चुनाव हो रहे हैं। नवाज की पार्टी PML-N और बिलावल की पार्टी PPP ने मिलकर आसिफ अली जरदारी को उम्मीदवार बनाया है। वे साल 2008 में भी राष्ट्रपति बने थे। वहीं इमरान समर्थक रक्ख पार्टी ने महमूद खान अचकजई को राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है।

राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करते हुए पाकिस्तान नेशनल असेंबली के कुछ सदस्यों ने इमरान खान जिंदाबाद के नारे लगाए। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं जबकि सीनेट में कुल 100 सीटें हैं।

वहीं चारों प्रांतों में 749 सीटें हैं, यानी राष्ट्रपति चुनाव में कुल 1185 सांसद वोट करेंगे। चुनाव से पहले ही पाकिस्तान में आसिफ अली जरदारी का राष्ट्रपति बनना तय माना जा रहा है।

### जरदारी का राष्ट्रपति बनना तय क्यों

जरदारी के पास उनकी अपनी पार्टी PPP के अलावा नेशनल असेंबली की सबसे बड़ी पार्टी PML-N, MQM-P, BAP, IPP जैसी कई पार्टियों का समर्थन है। वहीं मौलाना फजल-उर-रहमान की JUI-F पार्टी आम चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए संसद से जुड़े सभी इलेक्शन बॉयकॉट कर रही है।

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री की तरह ही राष्ट्रपति बनने के लिए उम्मीदवार का मुस्लिम होना जरूरी होता है। चुनाव के लिए वोटिंग सुबह 10:30 बजे शुरू हुई थी, जो शाम 4:30 तक चलेगी। राष्ट्रपति पद के चुनावों के लिए सीक्रेट बैलट से होती है।

# मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति बोले- भारतीय टूरिस्ट हमारे यहां आएं

## भारत के साथ विवाद से हम पर असर हुआ, इसके लिए माफी मांगते हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली पहुंचे मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भारत और मालदीव के रिश्तों पर चिंता जताई है। उन्होंने मालदीव के लोगों की तरफ से माफी भी मांगी है। मोहम्मद नशीद ने कहा- भारत और मालदीव के बीच तनाव से मालदीव पर असर हुआ है। मैं इसे लेकर बहुत चिंतित हूं। मैं कहना चाहता हूं कि मालदीव के लोगों को खेद है। हमें खेद है कि ऐसा हुआ। हम चाहते हैं कि भारतीय लोग अपनी छुट्टियों पर मालदीव आएं। हमारी मेहमान-नवाजी में कोई बदलाव नहीं होगा।

### BoycottMadives ट्रेंड का जिक्र किया

7 जनवरी के बाद से भारत में हैशटैग BoycottMadives ट्रेंड हुआ। पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने इसका जिक्र करते हुए माफी मांगी और भारतीयों से मालदीव आने के लिए कहा। दरअसल, पीएम मोदी ने लक्षद्वीप दौरे का एक वीडियो शेयर किया था। इसमें खूबसूरती के लिहाज से लक्षद्वीप अब मालदीव को टक्कर देता नजर आया। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग कहने लगे कि लाखों रुपए खर्च कर मालदीव जाने से बेहतर है कि लक्षद्वीप जाएं।



इससे मालदीव के मंत्री और नेता नाराज नजर आए। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में पीएम मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। साथ ही कहा कि भारत सर्विस के मामले में मालदीव का मुकाबला नहीं कर सकता।

### राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा था- मालदीव में ज्यादा से ज्यादा पर्यटक भेजे चीन

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु चीन से अपने पर्यटकों की संख्या बढ़ाने की अपील कर चुके हैं। मुइज्जू ने कहा था- चीन हमारा खास सहयोगी और डेपलपमेंट पार्टनर है। हम चाहते हैं कि यहां के ज्यादा टूरिस्ट मालदीव आएं। दोनों देशों के बीच हिंद महासागर में टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए 50 मिलियन डॉलर के समझौते भी हुए।

मोहम्मद नशीद ने इस पोस्ट की निंदा करते हुए कहा था कि ये मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि को खतरे में डाल सकता है।

### एक नेता ने लिखा था- वहां सफाई नहीं, कमरों से बदबू आती है

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पीएम मोदी का लक्षद्वीप वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा था- बढ़िया कदम है! यह मालदीव की नई सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, जो चीन की कठपुतली है। इस दौरे के बाद लक्षद्वीप में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

इसके जवाब में PPM के नेता जाहिद रमीज ने लिखा था- बेशक यह अच्छा कदम है, लेकिन भारत कभी हमारी बराबरी नहीं कर सकता। मालदीव पर्यटकों को जो सर्विस देता है, वो भारत कैसे देगा। वो इतनी सफाई कैसे रख पाएंगे, जितनी हम रखते हैं। उनके कमरों में आने वाली बदबू टूरिस्टों के लिए सबसे बड़ी दिक्कत होगी।

### मालदीव के टूरिज्म एसोसिएशन ने कहा था- भारतीय हमारे भाई-बहन

भारत के साथ विवाद के बीच ईज माय ट्रिप कंपनी ने मालदीव की टिकिट बुक करना बंद कर दिया था। इसके बाद मालदीव की टूरिज्म बॉडी ने भारत की मालदीव की यात्रा के लिए फिर से फ्लाइट बुकिंग शुरू करने की अपील की थी। कहा था- भारतीय हमारे लिए भाई-बहन जैसे हैं। हम ईज माय ट्रिप से अपील करते हैं कि वो भारत को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान पर ध्यान न दें। यह बयान मालदीव के लोगों की भावनाओं को नहीं दशार्ता है। हम इसके लिए माफी मांगते हैं।

# क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने 450 छात्रों को किए स्मार्ट फोन वितरित




**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में रावली रोड स्थित तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी डिग्री कॉलेज में क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने 450 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किये। क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्त्वकांशी योजनाओं में से एक योजना छात्रों को स्मार्ट फोन व टेबलेट देने का उद्द्येश्य है की समाज के कमजोर वर्ग के छात्र भी स्मार्ट फोन व टेबलेट के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सके ० नयी नयी तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके। विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को स्मार्ट फोन ० टेबलेट दे रहे है जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है आज किसान और मजदूरों के बच्चे भी स्मार्ट फोन और टेबलेट के माध्यम से उच्चा शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

विधायक ने कहा की तेजपाल सिंह त्यागी कुशल पाल त्यागी डिग्री कॉलेज खोलने के उद्द्येश्य भी यही है की क्षेत्र के गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चे भी शिक्षा प्राप्त कर सके इसलिए इस महा विद्यालय में बहुत ही न्यूनतम फीस रखी गयी है। अजीत पाल त्यागी ने कहा की प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति पर है उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा की उन्होंने देश की पहली रैपिड रेल का तोहफा मुरादनगर क्षेत्र के लोगो को दिया है जिससे मुरादनगर क्षेत्र का और तेजी से विकास हो सकेगा। महा विद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा रस्तोगी ,मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक सिंह ने मुख्य अतिथि विधायक अजीतपाल त्यागी का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। महा विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया की महा विद्यालय में पढ़ने वाले 450 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गए है। इस अवसर पर डॉ मनोज कुमार ,अमरदीप ,डॉ सीमा ,पवन माहेश्वरी ,पूजा सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रदीप शर्मा बने सपा के राष्ट्रीय सचिव, किया स्वागत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा नेता प्रदीप शर्मा को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर सपा कार्यालय पर शहर अध्यक्ष सचिन दिशित के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदीप शर्मा ने कहा कि 2024 का चुनाव लोकतंत्र बचाने का चुनाव है, सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर चुनाव में लग जाएं तभी संविधान बच पायेगा। आज देश में नौजवान, किसान, मजदूर, व्यापारी सभी पीड़ित हैं, नौजवानों को रोजगार के नाम पर पेपर लीक जैसी स्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष सचिन दिशित, सुनील द्विवेवी, बबलू लाइट, दुष्यंत यादव सभासद, पूर्व शहर अध्यक्ष दिग्विजय कश्यप, आसिफ, मोंटी वर्मा, राजकुमार शर्मा, यूसुफ मलिक, दीनु खान आदि उपस्थित रहे।

# लखनऊ में कौशल महोत्सव की शुरूआत, पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने भाग लिया




**लखनऊ।** नीरज सिंह ने कहा कि लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर लेकर आया है। जहां बेरोजगार नौकरी प्राप्त कर सके और अपने पैरों पर खड़े हो सके। विभिन्न 20 सेक्टर से देश की लगभग 100 बड़ी कंपनियों के द्वारा यहां 20000 से अधिक वैकेंसी के अवसर उपलब्ध हुए हैं। पिछली बार आयोजित रोजगार मेले में भी 5000 से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ था । एनएसडीसी के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पहले दिन ही यहां 8500 की संख्या में युवा आए हैं और 5541 रजिस्ट्रेशन हुए हैं । आशा है कि इस बार भी बड़ी से बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त करके जाएंगे । मा० रक्षा मंत्री जी की प्रेरणा से और एनएसडी के सहयोग से एक प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है और आगे आने वाले समय में कंपनियों द्वारा अधिक बड़े पद और रोजगार मिलेंगे।

नीरज सिंह ने रोजगार प्राप्त करने आए हुए सभी युवाओं से भी संवाद किया जिस दौरान बाराबंकी निवासी दिव्यांगजन दीपक यादव को गुड़गांव स्थित कंपनी में मिला पैकेजिंग का काम,आसमा बानो को लुलु मॉल, राधना देवी को कॉल सेंटर में नौकरी के लिए जॉब ऑफर मिलने पर उनको धन्यवाद ज्ञापित किया।नीरज सिंह सभी कंपनियों के स्टालों पर जाकर व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों से बात करी और अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराया जा सकने के संबंध में वार्ता की।

यह कौशल महोत्सव 84 इम्प्लॉयर्स और विभिन्न एजुकेशनल बैकग्राउंड से आए हजारों जॉब सीकर्स को एक ही छत के नीचे लाया है।

लखनऊ कौशल महोत्सव का पहला दिन उत्साह से भरा हुआ था। इस कौशल महोत्सव में आए स्थानीय युवा जॉब और ट्रेनिंग के अवसर पाकर उत्सुक दिखाए दिए। पहले दिन 2748 से अधिक उम्मीदवारों को इम्प्लॉयर्स द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया। उम्मीद है कि कौशल महोत्सव के दूसरे दिन भारत के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और



उपमुख्यमंत्री, ब्रजेश पाठक अपनी गरिमामयी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा और इसके महत्व को बढ़ाएंगे।

लखनऊ कौशल महोत्सव एक ऐसे प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व करता है जिसका उद्देश्य इम्प्लॉयर्स और उम्मीदवारों को एक प्लेटफॉर्म पर लाना है, जिसमें विभिन्न सेक्टर्स के इम्प्लॉयर उम्मीदवारों को जॉब के अवसर प्रदान करते हैं। यह मेगा जॉब मेला मजबूत संबंधों को बढ़ावा देता है, इम्प्लॉयर्स और युवाओं दोनों को जुड़ने के लिए एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। लखनऊ विश्वविद्यालय में देखा गया उत्साह कौशल महोत्सव की सफलता का प्रमाण है और देश के युवाओं को न केवल कौशल से सुसज्जित करने, बल्कि उन्हें प्रासंगिक जॉब सुरक्षित करने में सहायता करने हेतु एनएसडीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। एनएसडीसी के प्रवक्ता (स्पोकपर्सन) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि, हम उत्तर प्रदेश सरकार को उनकी राजधानी में इस कौशल महोत्सव के आयोजन में सहयोग करने और राज्य के युवाओं के लिए इस प्रमुख रोजगार मेले के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करने के लिए अपना आभार व्यक्त करते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उम्मीदवार जो इस कौशल महोत्सव के दूसरे दिन भाग लेना चाहते हैं, वे एनएसडीसी जॉब पोर्टल https://www.»»nsdcjobx.com पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस आयोजन के लिए एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर्स, ग्रेजुएट, इंटरमीडिएट और मैट्रिकुलेंट सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता वाले युवाओं ने पंजीकरण कराया है। यह पीएमकेके, पीएमकेवीवाई, अप्रेंटिसशिप और कई कौशल विकास योजनाओं से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भी खुला रहेगा।

# वार्ड 81 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शक्ति खंड 4 के पार्षद धीरज अग्रवाल ने शुक्रवार को सड़क निर्माण शुरू कराया। इस दौरान पार्षद ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। पार्षद धीरज अग्रवाल ने10 लाख रुपये के बजट से सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही है। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय लोगों ने पार्षद को धन्यवाद दिया। इंदिरापुरम निवासियों द्वारा सड़क बनाए जाने की काफी समय से मांग की जा रही थी जिसे पार्षद द्वारा पास कराया गया है। इंदिरापुरम स्थित शक्ति खंड 4 श्मशान रोड़ की सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस दौरान नारियल फोड़कर और प्रसाद वितरित कर कार्य की शुरूआत की गई।

उन्होंने बताया कि सीसी रोड़ का निर्माण कार्य होना है। इस सड़क को बनाने में 10 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। नपाई कराने के बाद इस रोड का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य जीडीए द्वारा कराया जा रहा है। पार्षद ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र के लोग सड़क बनाए जाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेकर कार्य शुरू किया गया है।

पार्षद के द्वारा सड़क बनाए जाने से स्थानीय लोगों ने भी पार्षद का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, कामेश्वर त्यागी प्रभारी मंडल, हरमीत बख्शी मंडल अध्यक्ष, नूपुर अग्रवाल, प्रीति ध्यान, गायत्री पांडे, प्रिया राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देश पर भोपुरा मंडल में भाजपा का सामाजिक सम्मेलन आयोजित




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के आदेश पर भोपुरा मंडल में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में किया गया।

मास्टर जितेंद्र सैन कार्यक्रम संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष भोपुरा मंडल ओबीसी मोर्चा ने सुंदर व्यवस्था की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा नरेंद्र कश्यप एवं महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा रहे। महानगर अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा मनोज यादव,मंडल अध्यक्ष ओमेंद्र कसाना, महानगर महामंत्री ओबीसी मोर्चा इंद्र बजरंगी, प्रियंक विंकल , राजकुमार चंदेला, हनी चंदेला, चंचल ,सोनू, पप्पन प्रजापति, सुमित चंदेला, पार्षद यशपाल पहलवान, उदयवीर, संदीप सरदार, पूर्व पार्षद विनोद कसाना, दिनेश चंदेला, मनोज कश्यप ,निमेश चंदेला, महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू शर्मा, सुदेश राणा ,ओमवती, बबीता तथा अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** विधायक साहिबाबाद सुनील शर्मा को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपने मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

किइस दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं विधायक साहिबाबाद के लिए हूं और मंत्री पूरे प्रदेश के लिए हूं। अपने क्षेत्र में विकास के लिए पहले भी पूरा ध्यान रखा गया है और रखा जाएगा, प्रदेश में भी इसी तरह काम किया जाएगा जैसे मैंने अपनी विधानसभा में किया है।

इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, पवन भाटी, पार्षद कविता भाटी, प्रवीण भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद राजकुमार भाटी, पार्षद नरेश भाटी, पिंटू तोमर, राजकुमार चन्देल, माधव सूद, प्रेम त्यागी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पार्षद राजीव भाटी ने किया भंडारे का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 73 के पार्षद राजीव भाटी ने शनिवार को शिव चौराह परे माँ जगदम्बा मन्दिर पर विशाल भण्डारा किया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पार्षद प्रतिनिधि युग गुर्जर ने बताया महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के सभी लोग मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने किया स्वगत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं.जे के गौड़ जिलाध्यक्ष, पं.जयनंद शर्मा साहिबाबाद अध्यक्ष, पं.नितिन शर्मा, पं. आलोक शर्मा, पं. एम एन दुबे, पं. आकाश शर्मा, पं. संजय शर्मा, पं. गौरव शर्मा, पं. अमित भारद्वाज, पं. हिमांशु शर्मा, पं. बिट्टू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मेरठ मंडल अध्यक्ष संजीव तेवतिया को जाट समाज इंदिरापुरम ने किया सम्मानित



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव तेवतिया को भारतीय किसान यूनियन का मेरठ मंडल अध्यक्ष बनने पर जाट समाज इंदिरापुरम ने सम्मानित किया। अध्यक्ष यतेंद्र तेवतिया ने कहा कि संजीव तेवतिया ने अपने मेहनत से बहुत कम समय में जो सामाजिक प्रतिष्ठा अपने क्षेत्र में बनाई है इसके लिए हमने आज संजीव तेवतिया का सम्मान किया जाट समाज इंदिरापुरम के संरक्षक वीरेंद्र ढाका , राजवीर सिंह और मोहन सांगवान ने कहा कि संजीव तेवतिया हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए सभी के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं कोषाध्यक्ष मेजर जसपाल शेरावत मीडिया प्रभारी डॉ. तरुण तेवतिया ने कहा कि संजीव तेवतिया जिस तरह से व्यापारियों के हित के लिए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जाट समाज के अध्यक्ष यतेंद्र तेवतिया, संरक्षक मोहन सांगवान, संरक्षक वीरेंद्र सिंह ढाका, संरक्षक उदल सिंह बाना, संरक्षण राजवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मेजर जसपाल सहरावत मीडिया प्रभारी डॉक्टर तरुण तेवतिया, मीडिया प्रभारी नितिन सरोहा, चंद्रभान सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## लोक अदालत का आयोजन किया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को गाजियाबाद में लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में न्यायिक अदालत में वर्षो से लम्बित मामलो को निपटाया गया है। जिला जज अनिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत में ऐसे मामले निपटाये जाते है।

जो मंहगी फीस के कारण असमर्थ होते है उन्होने कहा कि जल्द ऐसे मामले निपटाये जाएंगे। इस मौके पर सैकड़ो मामले निपटाये गये।

## एनएच 9 सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार पलटी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** एनएच 9 सर्विस रोड पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसा देखकर अफरा-तफरी मच गई। चालक गाड़ी में ही फंस गया। राहगीरों ने दरवाजे का शीशा तोड़कर उन्हें गाड़ी से लोगों को निकाला गया।

चश्मीत लोगों ने बताया कर इतनी रफ्तार से थी कि डिवाइडर से जाकर टकरा गई और कर में चार लोग सवार थे मामूली चोट आई है, गाड़ी को सीधा कर लोग अपने घर चले गए। इंदिरापुरम थाना प्रभारी का कहना है कि जब तक पुलिस गई थी, तो कार सवार वहां से चले गए थे।

## सपा युवजन सभा का जिला अध्यक्ष बनने पर जीतू शर्मा का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा नेता जीतू शर्मा के सपा युवजन सभा का ज़िलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद शनिवार को समाजवादी पार्टी के ज़िला कार्यालय पर उनका जोदार स्वागत किया गया।

इस मौके पर जीतू शर्मा की ताजपोशी से उत्साहित कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। सपा ज़िला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने जीतू शर्मा को बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया। जीतू शर्मा ने दोनों अध्यक्षों को विश्वास दिलाया कि वह अपनी इस ज़िम्मेदारी को पूरी कर्मठता से निभायेंगे और. ज़िले में पार्टी व पार्टी के फ़्रटल संगठन युवजन सभा की जड़ों को मजबूत करेंगे। . राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन पर जो भरोसा जताया है . उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

इस मौके पर पार्टी की वरिष्ठ नेता मधु चौधरी, राजदेवी चौधरी सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 5 हजार के लिए मासूम का किडनैप गाजियाबाद से ट्रेन में बैठाकर ले गया झांसी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में एक युवक ने मात्र 5 हजार रुपए के लिए पड़ोस में रहने वाली 7 साल की बच्ची का अपहरण कर लिया। वो उसको लेकर 450 किलोमीटर दूर झांसी पहुंचा। वहां से ट्रेन बदलकर वापस गाजियाबाद आया। पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। उससे बच्ची भी बरामद कर ली है।

**पड़ोसी ने की वारदात, फोन करके मांगी रकम :** ऊढ निमिष पाटिल ने बताया कि 8 मार्च को गांव भोवापुर निवासी कृष्णा गुप्ता ने अंजली के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। आरोप था कि पड़ोस में रहने वाला मदन उनकी बेटी को किडनैप करके ले गया है।

रिहाई के बदले पांच हजार रुपए की फिरौती मांग रहा है। पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी देते डीसीपी निमिष पाटिल। पुलिस ने तुरंत इस मामले में कई टीमों का गठन किया। आरोपी की तलाश में जुट गई। पुलिस ने शुक्रवार देर रात गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से 45 वर्षीय मदनपाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। मदनपाल मूलतः यूपी में जिला महोबा के गांव बिलवई का रहने वाला है और गाजियाबाद में मजदूरी करता है।

**आरोपी बोला- जरूरत थी, इसलिए किया अपहरण :** पूछताछ में मदनपाल ने बताया, 'मुझे पांच हजार रुपए की सख्त जरूरत थी। इसलिए पड़ोसी कृष्णा गुप्ता की बेटी अंजली का अपहरण किया। अपहरण के बाद मैंने पड़ोसी दुकानदार अमित को फोन किया और रिहाई के बदले पांच हजार रुपए मांगे। जिसके बाद अंजली के मां-बाप सहित कई लोगों के फोन मेरे पास आए। मैंने सभी से अपनी मांग दोहराई। मैं अंजली का अपहरण करके ट्रेन से झांसी ले गया। इसी दौरान मुझे शक हुआ कि पुलिस पीछा कर रही है। जिसके बाद मैं ट्रेन से उतरा और बिना टिकट लिए गाजियाबाद वापस आने के लिए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में बैठ गया। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर जैसे ही ट्रेन से उतरा तो पुलिस ने धर दबोचा।'

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** स्वच्छता अभियान का संदेश अब चालान से दिया जा रहा है। स्वच्छता अब आग्रह की नहीं जुर्माने की चीज हो चुकी है। बीजेपी पार्षद के वार्ड में जब गंदगी फैलाने पर हार्ड कार्रवाई हुई तो इसकी वाहवाही बीजेपी पार्षद नीरज गोयल ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर की। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।